वर्ष 24, अंक 252, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 22 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईरान ने ट्रंप को फिर दी धमकी

### ईरानी राष्ट्रपति ने बीआरआईसी से की ये अपील

**ईरान**

**मिडिल** ईस्ट में इजरायल-इरान युद्ध दिन-ब-दिन भड़कता जा रहा है. आज इस जंग का 22 वां दिन है. ऑस्ट्रियाई हवाई युद्ध विश्लेषक और इतिहासकार टॉम कूपर ने अमेरिका और इजरायल के बीच किसी संभावित मतभेद की अटकलों को खारिज किया है. उनका कहना है कि इजरायल को भरोसा है कि उसे अमेरिका का बिना शर्त समर्थन मिलता रहेगा, इसलिए 'रिफ्ट' की बातें बेबुनियाद हैं. कूपर ने बेंजामिन नेतन्याहू के पुराने इंटरव्यू का हवाला देते हुए कहा कि इजरायल का अमेरिकी राजनीति और जनता पर प्रभाव लंबे समय से चर्चा में रहा है, जिससे उसे किसी दबाव का डर नहीं है. ईरान के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इजरायल का आकलन गलत साबित हुआ है और वह ईरान की मिसाइल या परमाणु क्षमताओं को कमजोर करने में सफल नहीं रहा. इसी कारण इजरायल ने अमेरिका से अधिक सीधे हस्तक्षेप की मांग बढ़ाई है.

युद्ध खत्म करने पर विचार कर रहा अमेरिका- ट्रंप

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि अमेरिका मध्य पूर्व में अपने सैन्य अभियान को समाप्त करने पर विचार कर रहा है और वह अपने उद्देश्यों के करीब पहुंच चुका है. उन्होंने कहा कि



अभियान का मुख्य लक्ष्य ईरान की मिसाइल क्षमता को पूरी तरह कमजोर करना और उसके रक्षा उद्योग ढांचे को नष्ट करना है.

ट्रंप के मुताबिक, अमेरिका ईरान की नौसेना और वायुसेना को खत्म करने के साथ-साथ उसे परमाणु क्षमता हासिल करने से हर हाल में रोकना चाहता है. उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने सहयोगी देशों जैसे इजरायल, सऊदी अरब, कतर, यूएई, बहरीन और कुवैत की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा.

हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ट्रंप ने कहा कि इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उन देशों को उठानी चाहिए जो इसका उपयोग करते हैं, जबकि जरूरत पड़ने पर अमेरिका सहयोग करेगा. उन्होंने दावा किया कि ईरान के खतरे के खत्म होने के बाद यह एक आसान सैन्य ऑपरेशन होगा.

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस से साफ मैसेज दिया है, 'मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैनिक नहीं भेजे जाएंगे.' वहीं ईरान ने भी जोरदार चेतावनी दे दी है. इरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, 'अगर हमारी एनर्जी फैसिलिटी पर फिर हमला हुआ तो जीरो रेस्ट्रेंट रहेगा.' मतलब कोई रोक-टोक नहीं, पूरा जोर लगाएंगे.

दरअसल ये चेतावनी इजरायल के उस हमले के बाद आई है जिसमें उन्होंने इरान के सबसे बड़े साउथ पार्स गैस फील्ड पर अटैक किया. इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिम्मेदारी लेते हुए कहा, 'ये हमला हमने अकेले किया, अमेरिका इसमें शामिल नहीं था.' उन्होंने ये भी बताया कि ट्रंप ने उनसे कहा है कि अब आगे ऐसे हमले नहीं होना चाहिए. फिलहाल इजरायल रुक गया है.

ईरान ने बड़ा बदला लेने की दी चेतावनी

ईरान का कहना है कि साउथ पार्स पर हमले के जवाब में उन्होंने सिर्फ थोड़ी सी ताकत दिखाई, लेकिन अब अगर फिर एनर्जी साइट्स पर हाथ डाला गया तो पूरी ताकत झोंक देंगे. इरान ने पहले ही कतर के रास लाफान गैस प्लांट पर हमला कर दिया, जिससे कतर का छठत्रृएक्सपोर्ट 17 प्रतिशत तक घट गया है. ये यूरोप और एशिया दोनों को प्रभावित कर रहा है. साथ ही इरान ने हाइफा में इजरायल के ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला किया.

डोनाल्ड ट्रंप ने मिलिट्री ट्रूप्स भेजने से किया इनकार

ट्रंप की तरफ से व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका मिडिल ईस्ट में कोई ट्रूप्स नहीं भेज रहा. ऑप्शन्स ओपन हैं, लेकिन सैनिक नहीं इस बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है।

## खाड़ी देशों के बाद अब ईरान के राष्ट्रपति से बात की

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जबरदस्त कूटनीतिक ताकत आज एक बार फिर दुनिया के सामने खुलकर सामने आ रही है। जब पश्चिम एशिया जल रहा है, जब ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच तनाव भयानक रूप ले चुका है, जब ऊर्जा ठिकानों पर हमले वैश्विक संकट का संकेत दे रहे हैं, तब दुनिया की नजर एक ऐसे नेता पर टिक रही है जो संवाद, संतुलन और रणनीति का अद्भुत संगम है। सवाल उठ रहा है कि क्या मोदी इस युद्ध में मध्यस्थ बन सकते हैं। जवाब साफ है, क्षमता भी है और अवसर भी।



देखा जाये तो पश्चिम एशिया इस समय शक्ति, अहंकार और संदेह की आग में झुलस रहा है। ईरान द्वारा गैस और तेल ठिकानों पर हमले और इजराइल की जवाबी कार्रवाई ने हालात को विस्फोटक बना दिया है। कतर, सऊदी अरब, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों तक इसकी आंच पहुंच चुकी है। वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। ऐसे में भारत की चिंता केवल कूटनीतिक नहीं बल्कि आर्थिक और सामरिक भी है।

यही वह मोड़ है जहां प्रधानमंत्री मोदी की सक्रियता निर्णायक बनती दिख रही है। उन्होंने एक के बाद एक ओमान, जॉर्डन, मलेशिया और फ्रांस के नेताओं से बात कर साफ संकेत दिया कि भारत केवल दर्शक नहीं बल्कि समाधान का हिस्सा बनना चाहता है।

## आतंकी साजिश रचने के मामले में 2 आरोपी जमानत पर रिहा

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने साल 2022 में दर्ज एक आतंकी मामले में आरोपी हैरिस निसार लंगू और जमीन आदिल भट को जमानत दे दी है. यह मामला जांच एजेंसी ठक्ध द्वारा दर्ज किया गया था. दिल्ली हाई कोर्ट ने दोनों आरोपियों को कुछ सख्त शर्तों के साथ राहत दी. कोर्ट ने आदेश दिया कि दोनों आरोपी 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के दो जमानतदार देने के बाद रिहा किए जाएंगे.

कोर्ट ने आरोपियों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर लगाई रोक

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि दोनों आरोपी व्हाट्सऐप या किसी भी ऐसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से दूर रहेंगे, जहां देश विरोधी सामग्री साझा या प्रसारित की जाती है. साथ ही वे खुद भी किसी भी तरह की एंटी-नेशनल सामग्री पोस्ट, शेयर या प्रसारित नहीं करेंगे.

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि आरोपी इस संबंध में ट्रायल कोर्ट के सामने लिखित अंडरटेकिंग देंगे।

## 'धुरंधर धामी' ने चलाया बुलडोजर !

### उत्तराखंड में अवैध प्रवासियों की अंदर आना मना- राजनाथ सिंह

**उत्तराखंड**

**भारतीय** जनता पार्टी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य ने अभूतपूर्व विकास देखा है। राजनाथ सिंह नैनीताल के हल्द्वानी स्थित एमबी इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित एक कार्यक्रम में सभा को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को 'धुरंधर धामी' कहा जाना चाहिए क्योंकि वे अत्यंत सक्षम हैं और उन्होंने असाधारण कार्य किए हैं। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवताओं की भूमि है और संस्कृति एवं आस्था का केंद्र है। इसलिए राज्य की पवित्रता की रक्षा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं यहां उपस्थित सभी लोगों से अपील करता हूं कि हमें उत्तराखंड की रक्षा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उत्तराखंड में अवैध प्रवासियों के लिए कोई जगह नहीं है। उनके नेतृत्व में 10,000 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए हैं।

राजनाथ सिंह ने धामी की सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा, रोजगार और अन्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने ही 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना लागू की थी, जो पूर्व सैनिकों की लंबे समय से लंबित



मांग थी। उन्होंने कहा कि मैं उत्तराखंड सरकार का हमारे पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों के प्रति दिखाई गई चिंता के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। चाहे उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना हो, शिक्षा में आरक्षण देना हो, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हो या उनके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना हो, पुष्कर सिंह धामी ने हर मोर्चे पर योगदान दिया है और प्रयास किए हैं।

राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में तनाव पर विचार व्यक्त किए

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर भी विचार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का लक्ष्य "संवाद और कूटनीति" के माध्यम से इनका समाधान करना है। उन्होंने संभावित ऊर्जा या उर्वरक संकट से निपटने में प्रधानमंत्री के प्रयासों की भी

## चारधाम यात्रा से पहले बड़ा विवाद, कैपिंग सिस्टम पर आमने-सामने आए पुरोहित और सरकार



**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में 19 अप्रैल से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा को लेकर देशभर के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है. 7.51 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन इस बात की गवाही दे रहे हैं. लेकिन यात्रा शुरू होने से पहले ही एक विवाद ने सिर उठा लिया है. मामला हर दिन दर्शनार्थियों की संख्या तय करने वाली 'कैपिंग व्यवस्था' का है. एक तरफ तीर्थ पुरोहित इसे हटाने की मांग पर अड़े हैं, तो दूसरी तरफ पर्यटन विभाग ने कह दिया है कि पिछले साल के नियम ही इस बार भी लागू रहेंगे.

पुरोहितों ने खोला मोर्चा, मुख्य सचिव को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन से मुलाकात की और 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा. पुरोहितों का साफ कहना है कि टोकन व्यवस्था और कैपिंग व्यावहारिक नहीं है इससे श्रद्धालुओं की राह आसान होने की बजाय और मुश्किल हो जाती है.

महापंचायत की मांगें भी वाजिब लगती हैं. उनका कहना है कि संख्या घटाने की बजाय धामों में पेयजल, बिजली, संचार और स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी ढांचा मजबूत किया जाए. यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पुलिस और प्रशासन के रोकने से श्रद्धालुओं को जो परेशानी होती है, उसे कम किया जाए. इसके अलावा यमुनोत्री में रोपवे और गंगोत्री में निमार्णाधीन हेलीपैड को इसी यात्रा सत्र से पहले पूरा किया जाए. बुजुर्गों और असहाय श्रद्धालुओं को टिकट बुकिंग में प्राथमिकता मिले और धामों में लो-वोल्टेज की पुरानी समस्या का स्थायी हल निकाला जाए।

## हरियाणा में साइबर गैंगस्टर पर 'डिजिटल स्ट्राइक'



**हरियाणा**

**हरियाणा** पुलिस ने 'अभेद्य ऐप' लॉन्च किया है, जो फिरौती के प्रयासों से जुड़े संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय कॉल, वॉयस नोट और संदेशों को ब्लॉक करने वाला पहला विशेष मोबाइल एप्लिकेशन है। यह लॉन्च विदेशों से संचालित होने वाले डिजिटल धोखाधड़ी और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ एक बड़े अभियान का हिस्सा है। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कई सख्त उपायों की घोषणा की है। हरियाणा के डीजीपी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश पहले ही दे दिए हैं। बैंकों को वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए दोहरी ओटीपी सत्यापन प्रणाली को मजबूत करने की सलाह भी दी गई है।

डीजीपी ने चेतावनी दी कि फिरौती या जबरन वसूली के लिए कॉल करके डर फैलाने वालों के साथ आतंकवादियों के समान व्यवहार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस विदेशों में स्थित गैंगस्टर नेटवर्क पर अपनी कार्रवाई तेज कर रही है और भारत के बाहर से उत्पन्न होने वाली डिजिटल जबरन वसूली और साइबर खतरों के खिलाफ आक्रामक कदम उठा रही है। नई रणनीति के तहत, हरियाणा पुलिस ने 'अभेद्य ऐप' विकसित किया है, जिसे संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय कॉल, वॉयस नोट और फिरौती के प्रयासों से जुड़े संदेशों को ब्लॉक करने वाला पहला विशेष मोबाइल एप्लिकेशन बताया जा रहा है। ऐप का फिलहाल पायलट परीक्षण चल रहा है और अधिकारियों का दावा है कि शुरूआती उपयोगकताओं से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। हाल ही में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का जिक्र करते हुए, डीजीपी ने बल द्वारा सफलतापूर्वक निपटाए गए तीन प्रमुख मामलों का उल्लेख किया। झज्जर में, होली के दिन 5 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग के लिए अगवा किए गए नौ वर्षीय बच्चे को 24 घंटे के भीतर बचा लिया गया ।

## अखिलेश यादव ने 'मिशन-27' के लिए चल दिया नया कार्ड

### सपा चीफ का दांव बढ़ाएगा बीजेपी की टेंशन?

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने महिला वोटरों को साधने के लिए बड़ा सियासी दांव खेला है. समाजवादी पार्टी चीफ व पूर्व सीएम अखिलेश यादव कल ह्लमूर्ति देवी-मालती देवीह्व महिला सम्मान की शुरूआत करेंगे. मूर्ति देवी अखिलेश यादव की दादी और मालती देवी माँ का नाम है. जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव फूलन देवी, सावित्री बाई फुले, अहिल्याबाई होल्कर, बेगम अख़्तर, महादेवी वर्मा, सरस्वती अम्माल, सरोजिनी नायडू, इस्मत चुगताई, ऊदा देवी, रानी लक्ष्मी बाई समेत अन्य



विभूतियों के नाम पर 20 कैटेगरी में अवॉर्ड की शुरूआत करेंगे. इस अवॉर्ड के माध्यम से अखिलेश यादव 1 लाख की सम्मान राशि देंगे. अखिलेश यादव ने बढ़ाई बीजेपी की मुश्किलें

उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, मगर, प्रदेश की राजनीति अभी से गरमाने लगी है.

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने आधी आबादी को साधने के लिए बड़ा सियासी दांव के खेला है. अखिलेश यादव की यह स्कीम महिलाओं को कितना पसंद आएगी, यह तो आने वाला वक्त बताएगा. लेकिन सपा के इस दांव ने प्रमुख सियासी दल भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी है।

## एनर्जी संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला, राज्यों को कमर्शियल गैस की सप्लाई 20% बढ़ाई

**नई दिल्ली**

**पश्चिमी** एशिया में छिड़ी जंग के चलते देश में बने ऊर्जा संकट के बीच सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. 23 मार्च से कमर्शियल छढत्रृ की आपूर्ति को बढ़ाकर प्री-क्राइसिस स्तर के 50 प्रतिशत तक कर दिया गया है. सरकार का फोकस खासतौर पर फूड सर्विस सेक्टर और सामुदायिक रसोई (कम्युनिटी किचन) पर है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों.

PNG को बढ़ावा

इसके साथ ही, सरकार PNG पाइप्ड नेचुरल गैस की ओर शिफ्ट को बढ़ावा दे रही है. इसके लिए अनिवार्य रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी लागू की जा रही है.

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, यह अतिरिक्त 20 प्रतिशत एलपीजी उन क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा, जहां इसकी ज्यादा जरूरत है. इनमें रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग और डेयरी यूनिट, सरकारी सब्सिडी वाले कैंटीन, कम्युनिटी किचन और प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो वाले सिलेंडर शामिल हैं.

केंद्र ने कमर्शियल गैस एलोकेशन बढ़ाया

केंद्र सरकार ने राज्यों को 20 फीसदी ज्यादा कमर्शियल गैस का एलोकेशन बढ़ाया है. अब राज्यों को कमर्शियल छढत्रृ का अतिरिक्त 20 प्रतिशत आवंटन मिलेगा, जिससे कुल सप्लाई 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी. रेस्टोरेंट, होटल, ढाबे और इंडस्ट्री को प्राथमिकता दी जाएगी. छढत्रृ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन और ढठत्रृके लिए आवेदन जरूरी होगा.

मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने केंद्र सरकार के दिशा-निदेर्शों के मुताबिक गैर-घरेलू एलपीजी की सप्लाई के आदेश जारी कर दिए हैं. बाकी राज्यों में सार्वजनिक क्षेत्र



की तेल कंपनियां कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करा रही हैं. पिछले एक हफ्ते में करीब 13,479 मीट्रिक टन एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की गई है. शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों को प्राथमिकता दी गई है और कुल कमर्शियल एलपीजी का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं क्षेत्रों को दिया जा रहा है.

LPG की जमाखोरी-कालाबाजारी पर एक्शन

एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है. उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में अब तक 3500 से ज्यादा छापे मारे गए हैं और करीब 1400 सिलेंडर जब्त किए गए हैं. तेल कंपनियों के अधिकारियों ने 2000 से ज्यादा पेट्रोल पंप और एलपीजी एजेंसियों पर अचानक जांच भी की है,

ताकि सप्लाई सुचारू बनी रहे और किसी तरह की गड़बड़ी न हो.सरकार ने कहा कि युद्ध जैसे हालात के बावजूद घरेलू एलपीजी और पीएनजी को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है, साथ ही अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को भी प्राथमिकता दी गई है.

# कोरांव के विभिन्न इलाकों में ईदुल फितर की नमाज अदा हुई

## ईद गाहों मस्जिदों में सुबह आठ बजे से नौ बजे के बीच अदा हुई विशेष नमाजे, दुआएं खैर

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव।** ईद उल फितर इस्लाम धर्म के सबसे बेहद खास त्योहार में माना जाता है उसी कड़ी में आज क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों ईदगाहों में मुसलमानों ने ईद की नमाज मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की। पूरे महीने रोजे रखने के बाद जब नया चांद दिखाई देता है तब शव्वाल महीने की शुरूआत होती है और उसी के पहले दिन ईद मनाई जाती है। इस दिन सुबह लोग ईद की नमाज अदा करते हैं इसके साथ ही रोजों का सिलसिला समाप्त हो जाता है। यह त्योहार खुशियां बांटने और आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संदेश भी देता है।

बता दें कि इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, रमजान का महीना बहुत पवित्र माना जाता है, क्योंकि इसी दौरान पहली बार कुरान शरीफ आई थी, माना जाता है कि इसी दिन से पैगंबर हजरत मुहम्मद के मक्का से मदीना आने के बाद ईद-उल-फितर मनाने की परंपरा शुरू हुई थी, तभी से यह दिन खुशियों के त्योहार के रूप में मनाया जाने लगा। ईद के मौके पर घरों में तरह-तरह के मीठे पकवान बनाए जाते हैं, खासकर सेवइयां, मेहमानों का स्वागत सीरी व अन्य स्वादिष्ट पकवानों से किया जाता है और बच्चों व अपनों को ईदी दी जाती है। लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई देते हैं, इस दिन दान का भी खास महत्व होता है, इसलिए जरूरतमंदों की मदद करना बेहद शुभ माना जाता है। ईद के दिन लोग सुबह जल्दी उठकर साफ-सुथरे और नए कपड़े पहनते हैं और मस्जिद या ईदगाह में जाकर नमाज अदा करते हैं, इसके बाद परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर खुशियां बांटते हैं, घरों में सेवइयां और शीर खुरमा जैसे स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं। एक-दूसरे को मिठाई व तोहफे देकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है, यह त्योहार प्यार, भाईचारे और खुशी का संदेश देता है।

नई मस्जिद कस्बा कोरांव के मौलाना शर्फुद्दीन रिजवी ने, अल्हवा नूरानी मस्जिद में सूफी साब ने, अमिलियापाल में आलिम नूरे नजर साब ने, देवघाट में शकील हाफिज ने, रंगनाथ पहाड़ी ईदगाह महुली, ईदगाह कपुरी, खीरी, छड़ीगड़ा, कोसफरा, संसारपुर, देवघाट, पैतिहा हनुमानगंज, कुदर, कोरांव पुरानी मस्जिद में नमाज ईद की अदा की गई साठे मुल्क में अमन चैन, भाईचारा कायम रखने व वतन की सलामती की दुआएं मांगी गई, थाना पुलिस कोरांव पूरी तरह से चौकन्ना रहा, शांतिपूर्ण सौहार्द तरीके से ईद का पर्व मनाया गया। कोरांव में विभिन्न राजनैतिक दलों के और हर वर्ग के लोगों ने ईद की मुबारक बाद दी। गले मिले विशेष पकवानों सेवइयां आदि का आनंद उठाया।

# ईद की नमाज अदा कर दी एक दूसरे को मुबारकबाद



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** ईद के मौके पर शनिवार को करछना क्षेत्र की ईदगाहों, मस्जिदों में जुटे नवाजियों ने नमाज अदाकर एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद पेश की। इस दौरान अकीदतमंदों ने नमाज अदा करते हुए देश की सलामती के लिए दुआ मांगी। क्षेत्र के करेहा, कपठुआ, हल्दी कला, गलिवाबाद पचेदवरा, पुरैनी, गधियांव, बरदहा, पडोखरा सहित क्षेत्र की ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करते हुए एक दूसरे को गले लगाकर लोगों ने ईद की मुबारकबाद भेंट की।रोजेदारों ने एक माह तक रोजा रखकर खुदा की इबादत में नमाज अदा की और चांद दिखने के बाद ईद मनाते हुए बताया कि यह खुदा का इनाम है।जगह-जगह ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जुटे लोगों ने एक साथ मिल बैठकर तरह-तरह व्यंजनों का स्वाद लिया।इस दौरान जगह-जगह ईद की नमाज अदा के बाद आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारक दी।उधर नवाज के दौरान करछना पुलिस टीम ने मस्जिदों व ईदगाहों के आस-पास शांति सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस भी चाक चौबंद रही।



# ईद पर सिकंदरा में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल नेताओं ने दिया भाईचारे और सौहार्द का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** ईद के पावन अवसर पर शनिवार को सिकंदरा में कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद के आवास पर एक भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने उपस्थित लोगों के साथ गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और हर्षोल्लास के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।

राजेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि ईद आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। यह पवित्र पर्व हमें एकजुटता और पवित्र संबंधों को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह दिन खुशियां बांटने और देश-समाज में अमन-चैन की दुआ करने का है। समारोह के दौरान उन्होंने वर्तमान हालात पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि



भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म कर करोड़ों मजदूरों के रोजगार पर संकट खड़ा कर रही है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है। साथ ही उन्होंने गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर भी चिंता जताई और सरकार से जनता की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि ईद का यह पावन पर्व हमें प्रेम, दया और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। यह त्योहार सिखाता है कि मजहब और दीवारें चाहे जो भी हों, इंसानियत और सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर हाजी मो. असलम अंसारी, डॉ. जगत नारायण सिंह, कौशांबी जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, कोऑर्डिनेटर सुधाकर तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, डॉ. अमर सिंह पटेल, जिला महासचिव सुनील पाण्डेय, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, मनोज पासी, राकेश पटेल, माधव सिंह, रमेश पाल, एस.आर. वर्मा, मो. फारुक, मो. वसीम, अनवर अली, अबरार अंसारी, गिरधारी लाल गौतम, हुबलाल पासी, मो. यूसुफ, मो. असलम, मो. कैफ, डॉ. साहिबे आलम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किसान नेता के ट्यूबवेल से 11 कुंतल गेहूं व सरसो की चोरी, आक्रोशित किसानों ने थाने पर दिया धरना

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के हसनपुर कोरारी गांव में बीती रात चोरों ने एक किसान नेता के ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने ट्यूबवेल पर बने कमरे का ताला तोड़कर वहां रखा करीब 11 कुंतल गेहूं और आठ बोरी सरसो पार कर दी। घटना के विरोध में आक्रोशित किसान नेताओं ने थरवई थाने पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। गांव निवासी सूर्यमणि शुक्ला ट्यूबवेल पर सुबह जब मौके पर पहुंचे तो कमरे का ताला टूटा मिला और अंदर रखा सारा अनाज गायब था। घटना की संबंध में उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सूर्यमणि शुक्ला नवभारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के प्रदेश अध्यक्ष हैं,



जिससे घटना को लेकर किसानों में खासा आक्रोश व्याप्त है। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में किसान नेता ओम कार्यकर्ता थरवई थाने पहुंच गए और धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से बेहद परेशान हैं और पुलिस को ऐसे मामलों में तत्परता दिखाते हुए सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं थरवई पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## PCS Main Exam 2025 : 91 और अभ्यर्थी पीसीएस मुख्य परीक्षा में होंगे शामिल, UPPSC ने औपबंधिक रूप से किया चयनित

**प्रयागराज।** PCS Main Exam 2025 उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा यानी पीसीएस (मुख्य) परीक्षा-2025 के संबंध में लोक सेवा आयोग ने 11 मार्च-2026 को जिन 410 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त किया था, उनमें से 91 अभ्यर्थियों का प्रत्यावेदन परीक्षण के बाद स्वीकार कर उन्हें औपबंधिक रूप से मुख्य परीक्षा के लिए चयनित किया है। इसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद के भी 60 अभ्यर्थी सम्मिलित हैं। इन सभी के अनुक्रमांक वेबसाइट पर जारी किए गए हैं, जो कि 29 मार्च से प्रस्तावित मुख्य परीक्षा मे सम्मिलित हो सकेंगे।

**85 अभ्यर्थियों ने प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए थे-** PCS Main Exam 2025 लोक सेवा आयोग के अनुसचिव ओंकारनाथ सिंह के अनुसार अभ्यर्थन निरस्त होने पर 85 अभ्यर्थियों ने प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए थे। इनमें से 54 के प्रत्यावेदनों में कोई नया तथ्य नहीं मिलने के कारण उनके प्रत्यावेदन निरस्त कर दिए गए, जिनके अनुक्रमांक भी वेबसाइट पर जारी किए गए हैं।

**योग्यता संबंधी मानकों के तहत भी समीक्षा हुई-** PCS Main Exam 2025 आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित ग्रुप-11 (खाद्य सुरक्षा अधिकारी) पद के लिए योग्यता संबंधी मानकों के तहत भी समीक्षा की गई। यह परीक्षण केंद्र सरकार द्वारा जारी खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम-2011 (संशोधन 2022) तथा 2025 की अधिसूचना के अनुरूप किया गया।

# राजन महाराज की दिव्य, भव्य, अलौकिक श्रीराम कथा की तैयारी जोरों पर

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** सुविख्यात कथावाचक राजन जी महाराज की कथा की तैयारियां देवबरा धाम, पिपरी ग्राम सभा प्रयागराज मे अंतिम चरण में हैं। 28 मार्च से 5 अप्रैल तक चलने वाली श्रीराम कथा को ऐतिहासिक बनाने के लिए संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं उनके सहयोगियों द्वारा अतुलनीय प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के कई गाँवों तथा बाजारों में बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति के सदस्य कथा



को सफल बनाने के लिए अनवरत सक्रिय हैं। समिति से जुड़े विकास पांडेय इलाहाबादी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज की कथा स्थल पर पंडाल निर्माण, बिजली, पानी, बैठने की व्यवस्था और पार्किंग सहित श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दूर-दराज से आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों में इस धार्मिक आयोजन को लेकर काफी उत्साह है ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम आध्यात्मिक वातावरण बनाते हैं और लोगों को धर्म तथा संस्कारों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। आयोजन समिति ने सभी से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन समिति एवं सहयोगियों में रविंद्र नाथ पांडेय, अवधेश तिवारी, सुरेश पांडेय, जगदीश तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, पिंटू पांडेय, अरूण मिश्रा, अमित आचार्य, अनुराग पांडेय, अंशुमान शुक्ला, मंगल पांडेय, निशांत तिवारी, आदर्श पांडेय, आकाश दुबे, सुरेंद्र तिवारी, शिवकुमार तिवारी तेजस्वी, सुमित तिवारी, रामेश्वर तिवारी, अमित द्विवेदी, रामजीत गौतम, प्रदीप यादव, दशरथ शुक्ला, जितेंद्र दुबे, संतोष पाठक, संतोष शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ




## तीर्थों की शोभा वृक्षों से ही होती है : मिथलेश महराज

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अवन्तिका कालोनी में सी ब्लॉक स्थित श्री त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शनिवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ जो 28 मार्च तक चलेगा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजन समिति के राजेश सिंह ने बताया कि शनिवार पुर्वान्ह मे कलश यात्रा निकली तत्पश्चात गणेश पूजन के साथ अपरान्ह 3 बजे से प्रख्यात कथावाचक आचार्य मिथलेश महाराज के श्रीमुख से अमृतमय कथा प्रारम्भ हुई। महराज ने प्रकृति द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के संरक्षण संवर्धन पर जोर देते हुए कहाकि तीर्थों की



शोभा वृक्षों से होती है। कथा के मुख्य यजमान शम्भूनाथ तिवारी, अनार तिवारी, व महादेव तिवारी है। कथा का समापन 28 मार्च को हवन पूजन एवं भण्डारा का भव्य आयोजन होगा। आयोजन समिति के धीरेन्द्र मणि त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, संजय सिंह, अशोक श्रीवास्तव, एस एन राय, राजेन्द्र भदौरिया, प्रेम सिंह, शिव बहादुर शुक्ल, कृष्ण शंकर तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, आर पी पाण्डेय, अनूप सिंह आदि ने सभी भागवत प्रेमियों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# डिवाइस रोकेगी ऑनलाइन फिजूलखर्ची, चेहरे के भाव पढ़ेगी, फिर तय करेगी कि आपको पैसा खर्च करना चाहिए या नहीं

**प्रयागराज।** डिजिटल पेमेंट के दौर में जहां एक क्लिक में पैसा खर्च हो जाता है, वहीं अब आपकी ह्लआवेग खरीदारीह्व पर लगाम लगाने के लिए एक अनोखी तकनीक सामने आई है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइआइटी) इलाहाबाद, असम विश्वविद्यालय और एएमयू के शोधकताओं को एक ऐसी स्मार्ट डिवाइस के लिए पेटेंट मिला है, जो आपके चेहरे के भाव पढ़कर तय करेगी कि आपको पैसा खर्च करना चाहिए या नहीं। इस अनोखे आविष्कार का नाम ह्लस्मार्ट डिवाइस टू मानिटर द ई-वालेट यूटिलाइजेशन एंड द स्पेंडिंग बिहेवियरह्व रखा गया है। इसे आइआइआइटी के प्रो. रंजीत सिंह, शोध छात्रा काजोल, असम विश्वविद्यालय के दिव्य ज्योति भट्टाचार्य और एएमयू की सुमैया गौहर के दल ने मिलकर विकसित किया है। डॉ. रंजीत सिंह कहते हैं कि यह काम्पैक्ट डिवाइस किसी भी मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन पर आसानी से क्लिप की जा सकती है। इसमें कैमरा, माइक्रोफोन, एक्सेलरोमीटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का संयोजन है। उन्होंने बताया कि जैसे ही आप फोन-पे, गूगल-पे, पेटीएम जैसे ऐप्स से भुगतान करते हैं, यह डिवाइस आपकी हर गतिविधि पर नजर रखती है। अगर ट्रांजेक्शन के दौरान आपके चेहरे पर हिचकिचाहट दिखे जैसे भौंहें सिकुड़ना या असहजता तो यह तुरंत अलर्ट देती है कि भाई, सोच लो! डिवाइस न केवल हर यूपीआइ ट्रांजेक्शन को ट्रैक करती है बल्कि महीने भर का खर्च विश्लेषण भी तैयार करती है। यदि खर्च तय सीमा से अधिक हो जाए तो चेतावनी देती है।

इतना ही नहीं, यह यूजर की आदतों को समझकर सबसे उपयुक्त ई-वालेट भी सुझाती है। डिवाइस यूजर से यह भी पूछती है कि उसने कोई ऐप क्यों हटाया। यह फीडबैक (यूजर की अनुमति से) कंपनियों तक पहुंचाया जाता है, ताकि वे अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें। प्रो. रंजीत सिंह कहते हैं कि आजकल लोग ई-वालेट से इतना खर्च कर देते हैं कि मां भी नहीं रोक पाती। हमने ऐसी डिवाइस बनाई है जो मां की तरह समझाती है। इस डिवाइस में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। फिंगरप्रिंट और फेस रिकग्निशन लाक, रिमोट वाइप फीचर और पानी और झटकों से सुरक्षित बाडी के साथ एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन भी है। प्रो. सिंह बताते हैं कि भारत में हर महीने यूपीआइ ट्रांजेक्शन का आंकड़ा 20 लाख करोड़ रुपये से आगे निकल चुका है। ऐसे में आवेग में की गई खरीदारी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। यह डिवाइस न सिर्फ यूजर्स को खर्च पर नियंत्रण देगी बल्कि फिनटेक कंपनियों को भी वास्तविक उपभोक्ता व्यवहार समझने में मदद करेगी।

# पुलिस आयुक्त की सुरक्षा में तैनात कमांडो का फंदे से लटका मिला शव, चार दिन पहले दी थी एसआई की परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार की सुरक्षा में तैनात कमांडो कृपाल सिंह (29) का शव शुक्रवार सुबह कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना राजापुर गंगानगर स्थित मकान की है। पुलिस के अनुसार शव दो दिन पुराना है। चार दिन पूर्व कृपाल ने एसआई भर्ती परीक्षा दी थी। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परीक्षा खराब होने या फिर घरेलू कलह की वजह से आत्महत्या करने की आशंका है। कैंट थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।मूलरूप से फिरोजाबाद जनपद के थाना खैरगढ़ गांव निकाऊ निवासी कृपाल सिंह वर्ष 2019 में सिपाही के पद पर पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। उनकी पहली पोस्टिंग प्रयागराज में हुई। कैंट के गंगानगर राजापुर में ओमप्रकाश पटेल के मकान की तीसरी मंजिल पर कृपाल किराये पर रहते थे। वर्तमान में वह पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार के एस्कॉर्ट में बतौर कमांडो तैनात थे।दो दिन से कमरे का दरवाजा न खुलने पर शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे मकान मालिक ने खिड़की से झांककर देखा तो कृपाल पंखे पर नायलॉन की रस्सी के फंदे से लटके मिले। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जार्ज टाउन थाने में सिपाही के पद पर तैनात भाई ओमवीर सिंह व डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

दो दिन पूर्व मंगवाया था खानापुलिस के मुताबिक, तीन साल पहले कृपाल की शादी हुई थी। परिवार में पत्नी मधुबाला व दो साल का एक बेटा और एक साल की बेटी है। पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके में रहती है। पुलिस जांच में पता चला कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। वहीं, कृपाल ने दो दिन पूर्व चौकीदार से खाना मंगाया था।



### पुलिस ने कब्जे में लिया मोबाइल फोन

घटनास्थल पर मिले मोबाइल फोन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस लाइन इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि करीब छह-सात महीने पहले कृपाल सिंह की लाइन में तैनाती हुई थी। उन्होंने बताया कि चार दिन पूर्व कृपाल सिंह ने एसआई भर्ती परीक्षा दी थी। इसके बाद से उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।कमरा भीतर से बंद था। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में शव दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है। **- विद्युत गोयल, एसीपी, सिविल लाइंस।**

### 2019 में भाई के साथ पुलिस में हुआ था भर्ती

थाना खैरगढ़ क्षेत्र के ग्राम निकाऊ निवासी सिपाही कृपाल सिंह की मौत की खबर प्रयागराज से आते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक का शव लेने के लिए परिजन रवाना हो गए। शुक्रवार देर रात तक शव पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है।ग्राम निकाऊ निवासी कृपाल सिंह (28) वर्ष 2019 में अपने बड़े भाई ओमवीर के साथ पुलिस में भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह प्रयागराज में तैनात था। पिता कैलाश चंद्र ने बताया कि बुधवार शाम को उनकी कृपाल से बात हुई थी, जिसके बाद उसका फोन नहीं लगा। बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे बड़े बेटे ओमवीर, जो प्रयागराज में ही तैनात है। उसने फोन पर सूचना दी कि कृपाल ने कमरे में फंदा लगा लिया है, जिससे उसकी मौत हो गई है। मृतक कृपाल सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।उसकी पत्नी मधुबाला अपने 4 वर्षीय पुत्र गोलू और 1 वर्षीय पुत्री काव्या के साथ करीब एक सप्ताह से अपने मायके इटोली, शिकोहाबाद में रह रही थी। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह भी ससुराल आ गई। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही निकाऊ स्थित पैतृक आवास पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। हर कोई इस घटना से स्तब्ध है। परिजन आत्महत्या के पीछे का कारण पता होने से मना कर रहे हैं।

# गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद, सेवइयों की मिठास से सराबोर रहा लालगोपालगंज



**अखंड भारत संदेश**

**लालगोपालगंज ।** कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने देश-दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा।

कदीमी ईदगाह लालगोपालगंज समेत क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों–जामा मस्जिद गौसिया दानियालपुर, ईदगाह निन्दूरा, मस्जिद अहले हदीस इब्राहिमपुर, जामा मस्जिद अहलादगंज और शाही मस्जिद– में नमाज अदा की गई। नमाज से पहले उलेमाओं ने रोजे की अहमियत, जकात, फितरा और सदका के महत्व पर रोशनी डाली।नमाज के बाद ईदगाहों के बाहर मेलों का भी आयोजन हुआ, जहां बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी की और चाट-मिठाइयों का आनंद लिया। घर-घर में पारंपरिक पकवान, खासकर सेवइयों का दौर चलता रहा, जिससे त्योहार की रौनक और बढ़ गई।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी तैनात रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

नमाज के बाद ईदगाहों और प्रमुख मार्गों पर जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने पहुंचकर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देखने को मिला। जनप्रतिनिधियों ने लोगों से मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और एकता बनाए रखने की अपील की।

# जमीन के नाम पर ठगी करने वाले जीजा-साले पर गैंगस्टर, करोड़ों की संपत्ति पर भी चलेगी कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जमीन दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये ठगने वाले जीजा-साले के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पर आरोप है कि वे संगठित गिरोह बनाकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोगों को झांसे में लेते थे और एडवांस के नाम पर मोटी रकम हड़प लेते थे।

पुलिस के अनुसार, जार्जटाउन थाना क्षेत्र के पन्ना लाल रोड निवासी राजेश त्रिपाठी उर्फ राजेश तिवारी और सरायइनायत क्षेत्र के ककरा दुबावल निवासी उसके साले अम्बरीश त्रिपाठी के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। जार्जटाउन पुलिस ने दोनों के आपराधिक इतिहास को देखते हुए गैंग चार्ट तैयार कर पुलिस कमिश्नर से अनुमोदन के बाद केस दर्ज किया।

#### फर्जी कागजों से करते थे ठगी

इंस्पेक्टर जार्जटाउन के मुताबिक, आरोपी राजेश का एक संगठित गिरोह है, जो अपने सहयोगी अम्बरीश के साथ मिलकर जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। इसके बाद ग्राहकों को गुमराह कर उनसे एडवांस में बड़ी रकम वसूल ली जाती थी। विरोध करने पर पीड़ितों को डराने-धमकाने के भी आरोप हैं।

#### कई थानों में दर्ज हैं मुकदमे

दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में जार्जटाउन थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ था। वहीं, 2022 में कर्नलगंज थाना क्षेत्र में जालसाजी और ठगी का मामला सामने आया था। इसके अलावा 2015 में सिविल लाइंस थाने में मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में भी मुकदमा दर्ज किया गया था। इन सभी मामलों में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है।

#### जल्द होगी गिरफ्तारी, संपत्तियों की जांच शुरू

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के बाद अब आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। साथ ही उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों का ब्योरा भी जुटाया जा रहा है, ताकि आगे कुर्की की कार्रवाई की जा सके।

थाना प्रभारी जार्जटाउन ने बताया कि जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

# चैत्र नवरात्र में माता वैष्णो देवी के दर्शन की लालसा अधूरी, इस रूट की ट्रेनों की वेटिंग में भी नहीं मिल पा रहा टिकट

**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्र में देवी भक्तों का रेला शक्तिपीठों और देवी स्थलों की ओर बढ़ चला है। विंध्याचल और मां शादरा धाम मैहर जाने वाले दर्शनार्थियों की भीड़ प्रयागराज में सर्वाधिक है, वहीं वैष्णो देवी के दर्शन की लालसा इस बार अधूरी ही है। वैष्णो देवी धाम के लिए सुलभ ट्रेनों में वेटिंग का भी टिकट नहीं मिल पा रहा है। सूबेदारगंज से कटरा के लिए चलने वाली जम्मू मेल अंबाला तक ही जा रही है। इसमें स्लीपर श्रेणी में रिग्रेट (वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहा है) 26 मार्च तक रहेगा। संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस में 29 मार्च तक नो रूम हो चुका है। स्लीपर के साथ थर्ड एसी और सेकेंड एसी में भी रिग्रेट की स्थिति है।

टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस में दो अप्रैल तक स्लीपर से लेकर सेकेंड सी तक वेटिंग में भी टिकट नहीं मिलेगा। जबकि नेताजी एक्सप्रेस से अंबाला तक के लिए भी टिकट यात्रियों को नहीं मिलेगा। सोरांव के अश्विनी गुप्ता, प्रिंस केसरवानी, आशीष सोनी आदि ने बताया कि वह तीन दिनों से तत्काल टिकट के लिए भी प्रयास कर रहे हैं लेकिन टिकट नहीं मिल पा रहा है।

शनिवार को प्रयागराज जंक्शन, छिवकी और प्रयाग स्टेशन पर सुबह से ही पैर रखने की जगह नहीं दिखी। माता रानी के जयकारों के बीच रेलवे स्टेशनों से लेकर बस अड्डों तक केवल सिर ही सिर नजर आ रहे हैं। विंध्याचल और मैहर की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें पूरी तरह पैक हैं, लोग कोच के गेट तक पर खड़े होकर रवाना हुए। जीरो रोड और लेप्रोसी बस अड्डे पर भी यात्रियों की भारी भीड़ रही। हालांकि भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं है।

### बड़े हर्षोल्लास से मना ईद मुबारक, एक - दूसरे के गले मिले

**मांडा-प्रयागराज ।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा, भारतगंज, कुदर, पियरी, दिघिया, खवास का तारा, गिरधरपुर, में बड़े हर्षोल्लास से ईद का चांद दिखने पर आठ बजे सुबह मस्तान शाह मजार, व ईदगाहों पर मुस्लिम समुदाय के अकीदत मंदो ने नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे के गले मिले तथा सेवई खिलाकर मुबारक बाद दी। शनिवार सुबह आठ बजे ईदगाहों व मस्जिदों पर अकीदत मंदो ने नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे के गले मिलने के बाद सेवई खिलाई। मांडा क्षेत्र में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय एक दूसरे के त्यौहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल चप्पे चप्पे पर तैनात रही।संवेदनशील भारतगंज नगर पंचायत के कस्बे में चार मस्जिदें व एक ईदगाह पर नमाज अदा की गई वही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही ईओ भारतगंज बंटी कुमारी ,क्षेत्राधिकारी मेजा सन्त प्रसाद उपाध्याय, मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी भारतगंज सुभाष सिंह,उप निरीक्षक राहुल कुमार वर्मा, चन्द्र पाल सिंह, माधव प्रसाद त्रिपाठी, शिव कुमार गोयल, आमिर खान उस्मानी, रवि कुमार, आदि मौजूद रहे।




# जीवन दायिनी मां ब्रह्मचारिणी और माता चंद्रघंटा की पूजा है बेहद फलदाई : अनुराग पांडेय

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** नवरात्रि के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। जीवन दायिनी शक्ति की पूजा का पर्व ही नवरात्रि है। उक्त बातें शिक्षक अनुराग पांडेय ने नवरात्रि के मद्देनजर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शक्ति ही जीवन और जगत का आधार है। शक्ति के बिना जीवन अधूरा और निष्प्राण हो जाता है। शी पांडेय ने आगे कहा कि नवरात्रि का दूसरा दिवस माँ ब्रह्मचारिणी को समर्पित होता है। ब्रह्मचारिणी अर्थात ब्रह्म को भी चारण अर्थात अनुशासित करने वाली शक्ति है। ब्रह्मचारिणी का दूसरा अर्थ है,जो ब्रह्म में ही विचरण करे जो स्वयं ही ब्रह्म स्वरुप हो जाए। उन्होंने कहा माँ ब्रह्मचारिणी अति सौम्य, सरल, सदा प्रसन्न रहने वाली और कभी भी क्रोध न करने वाली देवी हैं। जिस जीवन में विनम्रता सहजता और पवित्रता होती है वहाँ ब्रह्म स्वयं आते हैं। उनका मानना है कि क्रोध जीवन की ऊर्जा का ह्रास करता है। क्रोध भय, अशांति व विषाद देता है। क्रोध से अपने लोग भी एक दिन पराये हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि परम शांति स्वरूपा होने के कारण ही देवी ब्रह्मचारिणी शक्ति संपन्न होकर सबको नियंत्रित कर रही हैं। इसी प्रकार

तीसरे दिन माँ दुर्गा की शक्ति को तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा बताया। नवरात्रि में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन माँ के चंद्रघंटा विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। उन्होंने बताया कि माँ चंद्रघंटा की कृपा से अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियाँ सुनाई देती हैं। ये क्षण साधक के लिए अत्यंत सावधान रहने के होते हैं। माँ का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घंटे का आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। श्री पांडेय ने कहा इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं और दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहने की होती है।

मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएँ विनष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना बेहद फलदायी है।



### डीएलएड अंतिम वर्ष के अभ्यर्थी भी कर सकेंगे आवेदन

**प्रयागराज।** UPTET 2026 पहली बार उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) का आयोजन करा रहे उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक टीईटी के लिए अर्हता निर्धारित की है। यूपीटीईटी में उन अभ्यर्थियों को भी आवेदन का अवसर दिया गया है, जो दो वर्षीय डीएलएड (बीटीसी) के अंतिम वर्ष में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं या उत्तीर्ण हैं। UPTET 2026 न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ इंटरमीडिएट अथवा इसके समकक्ष तथा चार वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बीएलएड) के अंतिम वर्ष में शामिल या उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे। 150-150 अंकों की प्राथमिक और उच्च प्राथमिक की टीईटी अलग-अलग कराई जाएगी, जिसमें 150-150 प्रश्न होंगे। इस तरह प्रत्येक प्रश्न एक अंक के होंगे। परीक्षा ढाई घंटे की होगी। शिक्षा सेवा चयन आयोग ने पात्रता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कटआफ अंक की सूचना भी जारी की है। 150 अंक के पूर्णांक में से 90 अंक अर्थात 60 प्रतिशत या इससे अधिक प्राप्त करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

# नैनी में ईद मिलन समारोह में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पहुंचे





**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शनिवार को सपा प्रदेश सचिव मोहम्मद शारिक के आवास पर आयोजित ईद मिलन समारोह में राजनीतिक रंग भी देखने को मिला। कार्यक्रम में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया और पूरे माहौल में उत्साह व भाईचारे की झलक दिखाई दी। इस अवसर पर श्यामलाल पाल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता संविधान की सरकार बनाएगी। उन्होंने पंचायत चुनाव को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर पंचायत चुनाव टाल रही है, जबकि यह अब तक हो जाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है।

जातीय जनगणना के मुद्दे पर उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में एक ऐसा वर्ग भी है जो शिक्षा और संसाधनों से वंचित है, जिसकी पहचान और उत्थान के लिए जातीय जनगणना आवश्यक है। नवरात्र और ईद के एक साथ पड़ने पर उन्होंने इसे देश की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह समय आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का है, जिसे सभी को मिलकर मनाना चाहिए। इस मौके पर ईशरत सिद्धिकी, मोहम्मद तारिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# क्षेत्र चर्चित जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल के नेतृत्व में डोहरिया में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

शविर में राजू भईया के सौजन्य से 400 सौ लोगों का हुआ परीक्षण दो सौ को बांटा गया निःशुल्क चश्मा 160 को मिली दवाइयां और 16 लोगों को आपरेशन एवं इलाज हेतु भेजा गया चित्रकूट

### कहा - जनसेवा और समाजसेवा से मन को मिलती है आत्मशांति




**मेजा।** क्षेत्र के चर्चित जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल (राजू भैया) के नेतृत्व में डोहरिया गांव में विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के कुल चार सौ लोगों का परीक्षण के दो सौ लोगों को निःशुल्क चश्मा,150 लोगों को जहां दवाइयां वितरित की गई वहीं 16 लोगों को आपरेशन एवं इलाज हेतु चित्रकूट भेजा गया। कार्यक्रम दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्र के बहु चर्चित जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला (राजू भईया) ने कहा कि क्षेत्र में जनसेवा और समाजसेवा से मन को आत्मशांति मिलती है। इस मौके डा विनय यादव, श्रीकांत पांडेय,विनय मिश्रा, गणेश बाबू,चित्रकूट के डा हिमांशु सेंगर, फूलचंद्र मिश्र,पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ल, वर्तमान मण्डल अध्यक्ष आशीष सिंह पटेल, जय राम मिश्र, श्री नारायण मिश्र, विमल मिश्र, कल्लन हरिजन, गेंदा लाल भारतीय तथा कुंज बिहारी गौड़ आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर मेजा की सक्रियता से शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज

- मेजा थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और कस्बों में चप्पे चप्पे पर पुलिस की रही सक्रियता,
- संदिग्ध लोगों एवं वाहनों पर भी रही पैनी नजर

**मेजा।** नगर पंचायत सिरसा कस्बा में स्थित मस्जिद पर इंस्पेक्टर मेजा दीनदयाल सिंह और उनकी पुलिस टीम की उपस्थिति में अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि, ईद पर्व तथा अलविदा की नमाज के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में शांति सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखने को लेकर पूर्व से एक्टिव इंस्पेक्टर मेजा द्वारा विभिन्न चौराहों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सर्वाधिक सतर्कता अनुशासन व समन्वय के साथ जिम्मेदारियों को निर्वहन करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए थे, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर सतत निगरानी रखने हेतु भी निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में खुद इंस्पेक्टर दीनदयाल सिंह ने मोर्चा संभाला और पुलिस टीम के साथ पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर पर्वों को शांति सौहार्द व आपसी भाईचारे के साथ मनाने का संदेश देते रहे। गौरतलब है कि मेजा पुलिस की बेहद सतर्कता एवं सक्रियता से संपूर्ण मेजा क्षेत्र में ईद का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। इस दौरान चप्पे चप्पे पर मेजा पुलिस की मुस्तैदी देखी गई।



अलविदा की नमाज के दौरान नगर पंचायत सिरसा कस्बे में एक्टिव दिखे इंस्पेक्टर मेजा

# ईद पर नमाज अदा कर एक दूसरे को सौंपी मुबारकबाद, प्रशासन दिखा मुस्तैद



**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** क्षेत्र में ईद उल फितर पर चारों तरफ खुशियों की चहक व सेवई की महक की रंगत दिखी। ईदगाहों पर सुबह नमाज अदा कर लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद सौंपी। घरों में सेंवई की मिठास के साथ इत्र की खुशबू के बीच दिन भर ईद की खुशियां देखी गयी। वहीं ईद के त्यौहार को लेकर पुलिस व प्रशासन को भी पूरे दिन मुस्तैद देखा गया। स्थानीय नपं लालगंज बाजार में ईद के त्यौहार पर चांदतारा मस्जिद के पास ईद की मुबारकबाद में व्यापारियों को भी बढ़ चढकर शामिल होते देखा गया। लालगंज टाउन एरिया क्षेत्र में नगर पंचायत की ओर से ईदगाहों व मस्जिदों पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के संयोजन में लगे पाण्डालों में मिठाई व पीने के पानी का सराहनीय बंदोबस्त भी दिखा। साफ सफाई का बंदोबस्त दुरूस्त रखने के लिए ईओ इन्द्र प्रताप को भी मशक्कत में देखा गया। इधर ईद को लेकर प्रशासनिक अमला भी मस्जिदों व ईदगाहों के साथ चैक तिराहे पर मुस्तैद नजर आया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा सीओ आशुतोष मिश्र ने भ्रमण कर प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर मशक्कत करते दिखे। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार खानापटटी ईदगाह पर नमाज को लेकर खुद फोर्स के साथ मुस्तैद नजर आये।

## खड़ंजा उखाड़ने के विवाद में चले लाठी-डंडे, चाचा-भतीजा घायल

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के आनापुर गांव में खड़ंजा उखाड़ने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर चाचा-भतीजे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव निवासी आलोक पांडे ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि वह अपने खेत में चारा काट रहा था। इसी दौरान पड़ोस के कुछ लोग उसके आवास तक जाने वाले खड़ंजे को उखाड़ रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपित आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। आलोक पांडे के शोर मचाने पर उसका भतीजा कमल नयन बीच-बचाव के लिए मौके पर पहुंचा, लेकिन हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा और बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित ने शनिवार सुबह करीब 9 बजे पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# डीएम एवं एसपी ने भ्रमणशील रहकर ईद की नमाज को सकुशल संपन्न कराया

## डीएम व एसपी ने भुलियापुर ईदगाह पर सभी को ईद की मुबारकबाद दी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में दोनों अधिकारी भुलियापुर स्थित ईदगाह पहुंचे, जहां ईद की नमाज के अवसर पर उन्होंने धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमामों और मौलानाओं से मुलाकात कर संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। डीएम और एसपी ने मौके पर मौजूद लोगों को ईद की शुभकामनाएं भी दी। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ईदगाह परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों के माध्यम से विशेष निगरानी की गई। ड्रोन की मदद से भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रवेश एवं निकास मार्गों और संवेदनशील बिंदुओं पर लगातार नजर रखी गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जा सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज तथा उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नाली निर्माण को लेकर विवाद महिला की पिटाई से गांव में तनाव

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर किठौली गांव में नाली निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद शनिवार को हिंसक झड़प में बदल गया। विवाद के दौरान एक महिला के साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गईं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

गांव निवासी सुदामा देवी ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी घर के पीछे जबरन नाली का निर्माण कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपित भड़क उठे और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में सुदामा देवी को चोटें आईं, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पीड़िता का कहना है कि नाली निर्माण उनके घर की जमीन के समीप जबरन किया जा रहा था, जिससे उन्हें भविष्य में जलभराव और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विरोध करने पर आरोपितों ने उन्हें धमकी भी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किसी तरह मामला शांत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते हस्तक्षेप न किया जाता तो मामला और गंभीर हो सकता था। पीड़िता ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में संबंधित अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ईद की खुशी समाज की भलाई और वतनपरस्ती का पैगाम : प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जश्न ए ईद पर लोगों को गले लगाते हुए दिली मुबारकबाद सौंपी। खुद के साथ विधायक मोना की तरफ से भी सांसद प्रमोद तिवारी ने इलाकाई तरक्की के साथ मुल्क में मोहब्बत व भाईचारे की मिठास को लेकर दुआ मांगी। रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में दिन भर के व्यस्ततम ईद मिलन कार्यक्रमों में सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ईद हमें मुल्क परस्ती तथा नेकी के रास्ते पर चलते रहने की याद दिलाती है। उन्होनें कहा कि रामपुरखास में आपसी भाईचारा की मजबूती क्षेत्र को तरक्की के साथ खुशहाली की ओर लगातार आगे बढ़ाए हुए है। सांगीपुर के शुकुलपुर में ईद मिलन कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होनें कहा कि ईद का सच्चा पैगाम यह है कि हम सभी मिलकर जरूरतमंद की मदद करते हुए उनके हक और इंसाफ के लिए संघर्ष को भी मजबूत बनायें। यहां कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल ने किया। वहीं इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज क्षेत्र के भी ईदगाहों पर पहुंचकर लोगों को ईद पर गले लगाया। खानापटटी में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने हर साल की तरह इस बार भी ईद की खुशी में बच्चों को अपनी तरफ से आइसक्रीम भी खिलवाई। सांसद प्रमोद तिवारी का दुलार देख बच्चें चहक उठे। वहीं जश्न ए ईद पर ईदगाहों के समीप बने पाण्डालों व जलसों में मौलानाओं ने भी प्रमोद तिवारी को गुलाब के फूल तथा इत्र व खजूर भेंट किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज टाउन एरिया के अझारा तथा खालसा सादात में भी लोगों को ईद पर गले लगाकर मुबारकबाद दी। वहीं सांगीपुर क्षेत्र के दीवानगंज, अठेहा, सेमरा, पिंजरी, मसनी, उमरार, कुम्भीआइमा, करीमनपुर, नसीरपुर, रेहुआ लालगंज, राहाटीकर व रामपुर इलाके में जलेशरगंज तथा रामपुर बावली में भी लोगों को खुशनुमा त्यौहार पर गले लगाा। इस मौके पर हजरत मौलाना रहमानी मियां, शाही इमाम मो. ईसा, सभासद शेरू खां, मो0 मोकीम खां, वसीम खां, जियाउल, जाहिद, आसिफ खां, निसार अहमद, मो. असलम, जर्रार खां, नन्हें खां, आसिफ सिददीकी, एबादुर्रहमान, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, छोटेलाल सरोज, धर्मपाल गौतम, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, त्रिभु तिवारी, इरफान, इम्तियाज अहमद आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### शिव का स्वरूप करूणामयी सर्वत्र कल्याणकारी : स्वामी सम्पूर्णानन्द



**प्रतापगढ़।** घुइसरनाथ रोड स्थित राधा मोहन मंदिर परिसर में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास प्रयागराज से पधारे स्वामी सम्पूणार्नंद जी महराज ने कहा कि भगवान शिव सम्पूर्ण जगत के कल्याणकारी स्वरूप के सृजनकर्ता हैं। उन्होने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान शिव की पूजा का प्रतिफल जीवन में आत्म संयम तथा विचारधारा को शुद्धिकरण भी प्रदान किया करता है। उन्होने कहा कि शिव की उपासना करने से मन को विकास से भी मुक्ति मिला करती है। स्वामी सम्पूणार्नंद जी ने बताया कि भगवान शंकर करूणामयी हैं। उन्होने कहा कि मन और भाव से शिव की पूजा के सहस्त्र सुखमय फल प्राप्त हुआ करते हैं। कथा के दौरान शिव-पार्वती भजन सुनकर भक्तों को आनन्दमय देखा गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भी शनिवार को हो रही कथा में पहुंचे। सांसद प्रमोद तिवारी ने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की ओर से कथावाचक स्वामी सम्पूणार्नंद जी महराज का माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं व्यासपीठ से सांसद प्रमोद तिवारी को लोकमंगल का महाप्रसाद प्रदान हुआ। संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल व मीरा जायसवाल ने देवाधिदेव महादेव की मंगल आरती उतारी। संचालन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चैहान ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, निरंजन प्रकाश तिवारी, बृजेन्द्रमणि मिश्र, शिवकुमार जायसवाल, रामजी जायसवाल, मोती लाल जायसवाल, ध्रुव नारायण मिश्र, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, विकास मिश्र, छोटेलाल सरोज, राकेश गुप्ता, राजकुमार मिश्र, जगदीश मिश्र, पवन शुक्ला, मनीष शुक्ला आदि रहे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत की शानदार झलकियां




**पट्टी।** आसपुर देवसरा ब्लॉक क्षेत्र के लखीपुर कप्सा गांव स्थित रामभरोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रसाद उर्फ मोती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिनका विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, गीत एवं नाटक के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि मोती सिंह ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन को बधाई भी दी। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार सरोज ने किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख आसपुर देवसरा लाल बहादुर सरोज, सतीश सिंह, मीडिया प्रभारी विनोद पांडे, तिबीपुर प्रधान शारदा प्रसाद द्विवेदी, धनेपुर ग्राम प्रधान सत्य प्रकाश यादव, पिंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भावलपुर में उचित दर दुकान के आवेदन की तारीख फिर बढ़ी, अब 15 अप्रैल तक मौका

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह ने बताया है कि जनपद के विकास खण्ड मान्धाता स्थित ग्राम पंचायत भावलपुर में रिक्त उचित दर दुकान के चयन को लेकर इच्छुक अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 अप्रैल 2026 सायं 5 बजे तक कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि उचित दर दुकान का आवंटन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के अंतर्गत तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा लॉटरी प्रक्रिया से किया जाना है। इसके लिए पूर्व में कार्यालय के माध्यम से 05 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। लेकिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के चरित्र प्रमाण पत्र समय से जारी न हो पाने के कारण ग्राम प्रधान भावलपुर द्वारा आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग की गई थी। इस पर पहले आवेदन की तिथि 20 मार्च 2026 तक बढ़ाई थी। इसके बाद भी समस्या बरकरार रहने पर 19 मार्च 2026 को पुनः ग्राम प्रधान द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि कई आवेदकों के चरित्र प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बन सके हैं, जिससे वे आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक बार फिर राहत देते हुए अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2026 तक विस्तारित कर दिया है। आवेदन से संबंधित पात्रता, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध झुलसा, भैंस की मौत

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के भवराम बोझी गांव में शनिवार की सुबह करीब दस बजे अचानक एचटी लाइन विद्युत तार टूट गया। टूटा तार गांव के रामकुमार वर्मा के दरवाजे पर गिर गया। इससे रामकुमार वर्मा 65 गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं करंट की चपेट में आने से दरवाजे पर बंधी भैंस की भी मौत हो गयी। अधिशाषी अभियंता लालगंज का कहना है कि घटना को लेकर प्रभावित को विभागीय मुआवजा दिलवाया जाएगा।

# विधायक ने ईद पर्व पर दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**



**कुंडा।** बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने शनिवार को ईद पर्व के अवसर पर नगर पंचायत हीरागंज बाजार के वजीरपुर गांव का दौरा किया। उन्होंने निवर्तमान प्रधान नवाब फारूकी के आवास पर पहुंचकर स्थानीय लोगों को ईद की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हुए। विधायक ने सभी से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। अपने संबोधन में विधायक विनोद सरोज ने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें एक-दूसरे के करीब लाता है और समाज में सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी धर्मों के त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने से सामाजिक एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने भी एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मो. शहजादे, किशन सरोज, प्रकाश सरोज, पंचमलाल पटेल, मो. जीशान, मो. सुल्तान, फुजैल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी भाईचारे और सौहार्द के संदेश के साथ हुआ।

### लापरवाही को लेकर चालक के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** पिकप की टक्कर से पीड़ित के चुटहिल होने को लेकर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के भुसुरपुर देउम पश्चिम निवासी आकाश त्रिपाठी पुत्र वेद प्रकाश ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ मार्च को शाम साढ़े छः बजे उसके पिता वेदप्रकाश सब्जी लेने घर से रामगंज बाजार बाइक से जा रहे थे। बाजार में अचानक एक पिकप ने गलत दिशा में बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसके पिता को गंभीर चोटें आ गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो गंभीर रूप से घायल

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया है। बेलखरनाथ धाम विकासखंड क्षेत्र के अखवा गांव निवासी सोनू पाठक अपनी बाइक से पट्टी कस्बे की ओर आ रहे थे इस दौरान चिरैया मोड़ पर जहां उन्हें अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं दूसरी ओर पट्टी प्रतापगढ़ मार्ग पर धोती गांव के समीप गांव निवासी जीत लाल गौतम को भी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए उन्होंने भी चिकित्सकों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# विश्व वानिकी दिवस पर ग्रामीणों के बीच वन विभाग द्वारा किया गया संवाद




**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** ब्लाक के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनमई में क्षेत्रावनाधिकारी अनूप कनौजिया के नेतृत्व में विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर वन एवं अर्थव्यवस्थाएं थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विश्व वानिकी दिवस 2026 की थीम इस बात पर जोर देती है कि जंगल न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि रोजगार सृजन आजीविका और सतत आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।जल जंगल जमीन हमारे जीवन से जुड़ा है इसलिए हम सब को मिलकर इसकी रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।इस दौरान लोगों को वन एवं पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में लालजी मिश्रा वनरक्षक, दिनेश कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, अभय सिंह वनकर्मी, मनोज सिंह, रामसमुझ सरोज, माधुरी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर बाइक से गिरा युवक, मौत

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के यहियापुर गांव में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहियापुर निवासी राधेश्याम यादव, जो बाबा बिलखाना धाम स्थित विश्वकर्मा भगवान के मंदिर पर पूजा-पाठ करते हैं, के पुत्र मुलायम यादव शनिवार की सुबह किसी काम से बाइक द्वारा दीवानगंज बाजार गए थे। कार्य समाप्त कर जब वह वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी गांव से कुछ दूरी पहले एक ढलान पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मुलायम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए दोपहर करीब 12 बजे जिला मेडिकल कॉलेज, प्रतापगढ़ भेज दिया।युवक की असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है, वहीं पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर गहरा दुख व्याप्त है।

## युवती का अपहरण, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रायपुर तियाई निवासी रवि गौतम पुत्र लाला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस मार्च को शाम छः बजे उसकी अठारह वषीर्या बहन घर से शौच के लिए निकली। देर रात तक वापस नही लौटी तो परिजन परेशान हो उठे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवती के अपहरण का केस दर्ज किया है।

## ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ना को लेकर दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** ससुराल में पति व देवर तथा चचिया ससुर के द्वारा पीड़िता के साथ गालीगलौज व मारपीट को लेकर उदयपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बाबा का गांव कटरिया निवासी साधना सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आये दिन उसका देवर शिवम व पति दुर्गेश तथा चचिया ससुर अवधेश उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट कर प्रताड़ित किया करते हैं। तहरीर में कहा गया है कि पीड़िता के गुजरबसर के लिए आरोपी खेतबारी में हिस्सा भी नही दे रहे हैं। आरोपियो द्वारा पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी जा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवम समेत तीन के खिलाफ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# सामुदायिक शौचालय में लापरवाही गंदगी से ग्रामीण परेशान

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम अंतर्गत जलालपुर किथौली गांव में बने सामुदायिक शौचालय की स्थिति बदहाल हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शौचालय में नियुक्त मेकर सरिता सरोज कभी ड्यूटी पर नहीं आती हैं, जिसके चलते वहां साफ-सफाई पूरी तरह से ठप है और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों में सीता देवी, अंजू देवी, भोला पांडे, दिनेश पांडे व कृष्ण कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि शौचालय की नियमित सफाई न होने से बदबू और गंदगी के कारण उपयोग करना मुश्किल हो गया है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस मामले में ग्राम प्रधान सुषमा देवी व प्रधान पति शिवराम यादव ने बताया कि पूर्व में सामुदायिक शौचालय का ताला व दरवाजा तोड़े जाने की घटना हुई थी, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी की नियुक्ति की गई है, अगर साफ-सफाई में लापरवाही बरती जा रही है तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम विकास अधिकारी चिरंजीव पटेल ने बताया कि उन्हें इस संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। यदि शिकायत सही पाई जाती है तो जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# डिप्टी सीएम ने महिलाओं से किया आवाह्न, स्वयं सहायता समूह से जुड़े आपको रोजगार देने का करेंगे कार्य

अखंड भारत संदेश

## डबल इंजन की सरकार गरीबों को अमीर बनाने का कर रही कार्य



**कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बस डिपो परिसर, मंझनपुर में आयोजित कार्यक्रम ह्लगौरव प्रतिमा अनावरणह्न महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि मंझनपुर को समरसता का केन्द्र बनाने का सराहनीय कार्य किया गया है जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है। सरकार का संकल्प है, सबका साथ-सबका विकास और सबको रोजगार। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के लाभार्थियों को ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट प्रदान करते हुए कहा कि सरकार, रोजगार आपके द्वार लेकर आई हैं। उन्होंने जनपदवासियों से आवाह्न किया कि इस योजना का लाभ उठाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कायर्काल के 09 वर्ष पूर्ण हुए है, ये 09 वर्ष उपलब्धियों से भरा है। इन 09 वर्षो में प्रदेश में कोई भी दंगा नहीं हुआ है,विकास के अनेक कार्य हुए है। 09 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी गई।डबल इंजन की सरकार गरीबों को अमीर बनाने का कार्य कर रहीं है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन व दिव्यांग पेंशन,जो पूर्व में 300 रूपए प्रतिमाह मिलता था, इसे बढ़ाकर 1000 रूपए किया गया, अब इसे और बढ़ाकर 1500 रूपए प्रतिमाह देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सबके विकास के लिए कार्य कर रहीं है। प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत,जिनके घर नहीं थे,उन्हें आवास देने का कार्य किया गया/किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत देश में लगभग 65 करोड़ लोगों का बैंक खाता खोला गया उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत देश में लगभग 10 करोड़ किसानों के खाते में प्रतिवर्ष 06 हजार रूपए हस्तान्तरित किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत रूपए 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रहीं है। घर-घर बिजली पहॅुचाने का कार्य किया गया। अयोध्या में रामलला का भव्य राम मन्दिर बना। उन्हांने महिलाओं से आवाह्न किया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़े, आपको रोजगार देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष-2047 तक देश को विकसित एवं प्रदेश को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश के साथ ही जनपद कौशाम्बी व मंझनपुर का भी सर्वांगीण विकास हो रहा है। रामवन गमन मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह मार्ग अयोध्या से लेकर रामेश्वर तक बनेंगा। प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशाम्बी तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त है। अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रहीं है। सरकार, महापुरूषों को सम्मान देने का कार्य कर रहीं है।



## उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को उदयन सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनपद कौशाम्बी में विकास की बहुत सम्भावना है। विकास खण्ड, थाना एवं तहसील में व्यवस्थाओ को और सुदृढ कर आमजन को लाभान्वित किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पारदर्शी रूप से क्रियान्वित कर पात्र लोगों को समयबद्ध तरीके से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने निरीक्षण भवन पी.डब्ल्यू.डी.मंझनपुर को उच्चीकृत करने के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मान्यवर काशीराम गेस्ट हाउस,ओसा का मेन्टीनेंस कराने के भी निर्देश दिए,इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी नेता उपस्थित रहे।

# मिट्टी का बर्तन बनाने वाले तीन लोगों के घरों में लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

## डिप्टी सीएम के कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने हटवाई थी घर के बाहर बनाई गई भट्टी

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के नया नगर नया पुरवा में सड़क किनारे बसे गरीब कमजोर कुम्हार बिरादरी के रामकिशन के 3 पुत्र अमर सिंह बरमदीन और राम सिंह के परिवार ने 6 दशक पूर्व सड़क किनारे घर बनाकर परिवार सहित रहते हैं और इसी घर में मिट्टी का बर्तन बनाकर तीनों भाई परिवार की रोजी-रोटी चलाते हैं शनिवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जनपद मुख्यालय मंझनपुर में कई स्थान पर कार्यक्रम लगा था सड़क किनारे मिट्टी का बर्तन और बर्तन बनाने की भट्टी को देखकर अधिकारियों ने इन गरीबों को सड़क किनारे से भट्टी और मिट्टी के बर्तन हटाने का निर्देश दिया जिस पर इन लोगों ने अपनी भट्टी घर के अंदर बना लिया एक तरफ डिप्टी सीएम का कार्यक्रम चल रहा था दूसरी तरफ इन गरीबों के घर के अंदर बनी भट्टी की लपट ने छप्पर में आग पकड़ लिया छप्पर झोपड़पट्टी में आग लगते ही तेज लपट उठने लगी घर के भीतर परिवार के लोग जो मौजूद थे उन्होंने भाग कर जान बचाई हो हल्ला मचाया सूचना पाकर पूरा गांव आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचा लेकिन आसपास पानी की व्यवस्था नहीं थी और देखते-देखते पूरे घर में आग फैल गई सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची है कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है लेकिन तब तक तीनों घर और उसमें रखा सामान जलकर खाक हो गया है डिप्टी सीएम जिले के विकास की बात कर रहे थे लेकिन उनके आगमन पर गरीबों को सड़क किनारे अपने काम धंधे रोजगार नहीं करने दिया गया है जिले का यही बड़ा विकास है तीन गरीबों के घर में आग लगने के बाद ना तो एक नेता इन गरीबों के घर पहुंचा ना किसी अधिकारी को इन गरीबों के दुख दर्द से मतलब रहा डिप्टी सीएम के जाने के बाद अधिकारी और नेता ने राहत की सांस ली है।

# अकीदत के साथ मनाई गई ईद, सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस रही मुस्तैद

## ईदगाह में हजारों हाथों ने अमन-चैन के लिए उठाई दुआएं



**कौशाम्बी।** जिले में खुशियों और भाईचारे का त्योहार ईद-उल-फितर पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे जिले में मुस्लिम समाज के बीच ईद की खुशी देखी गई है मुख्य नमाज मंझनपुर स्थित शाही ईदगाह में अदा की गई, जहाँ हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। सुबह से ही नए कपड़ों में सजे-धजे बड़ों और बच्चों का ईदगाह पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। ईदगाह के पेश इमाम ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई। नमाज के बाद दिए गए ह्यखुतबेह्न में इमाम साहब ने ईद के महत्व पर प्रकाश डाला और इंसानियत व आपसी भाईचारे का संदेश दिया।?नमाज के मुकम्मल होते ही हजारों हाथ बारगाहे-इलाही में फैल गए। अकीदतमंदों ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि देश में अमन, शांति,खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी। दुआ के दौरान माहौल काफी भावुक नजर आया। नमाज के बाद ईदगाह के बाहर लोग एक-दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक कहते नजर आए। बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखा गया, उन्होंने गुब्बारों और खिलौनों का आनंद लिया। हिंदू भाइयों ने भी ईदगाह के बाहर अपने मुस्लिम मित्रों को गले लगाकर बधाई दी जो मंझनपुर की गंगा-जमुनी तहजीब की एक सुंदर तस्वीर पेश कर रहा था।?शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। ईदगाह और उसके आसपास के चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। आला अधिकारियों ने भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

# उप मुख्यमंत्री जी ने शंख चौराहा एवं कलश चौराहा का नामकरण व लोकार्पण किया





अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को जनपद मुख्यालय के मंझनपुर के समदा स्थित शंख चौराहा एवं मंझनपुर मुख्यालय स्थित कलश चौराहा का विधिवत वैदिक मन्त्रोचार के साथ नामकरण व लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने पंचम राज्य वित्त आयोग से वार्ड नं0-10 अशोक नगर, मंझनपुर में स्थित मॉडल पार्क में योगशाला का निर्माण व पार्क सौन्दयीकरण कार्य का लोकार्पण तथा भगवान परशुराम,माता अवन्तीबाई लोधी, वीरांगना ऊदा देवी एवं सन्त गाडगे महाराज की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने पंचम राज्य वित्त आयोग से नगर पालिका परिषद, मंझनपुर भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक पूजा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य, जनपद के प्रभारी अवशेध गुप्ता, सदस्य उ.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी कविता पासी, अध्यक्ष नगर पंचायत अझुवा शान्ती देवी व सिराथू भोला यादव,अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक शिवमोहन मौर्य, अनीता त्रिपाठी, नीतू कनौजिया, संजय जायसवाल, भोले शंकर, ब्लॉक प्रमुखगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सीएम युवा के लाभार्थियों को डिप्टी सीएम ने ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट किया प्रदान

अखंड भारत संदेश

## सरकार रोजगार आपके द्वार लेकर आई है, सीएम युवा योजना का लाभ उठाएं, इस योजना के अन्तर्गत ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट रू0-04 लाख 95 हजार में, जबकि यही परियोजना बाजार में ब्याज सहित लगभग 09 लाख रूपए में उपलब्ध



**कौशांबी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बस डिपो परिसर मंझनपुर में आयोजित कार्यक्रम गौरव प्रतिमा अनावरण महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों-अश्वनी कुमार यादव, मुलायम सिंह पटेल, अबु सलीम,विनोद कुमार, आशीष सिंह, अभिलाषा देवी, शंकर दयाल सिंह, अंजली गुप्ता, गोविन्द सिंह एवं प्रहलाद मौर्य को ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट प्रदान किया एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार रोजगार आपके द्वार लेकर आई है मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सीएम युवा योजना के अन्तर्गत बैंको के माध्यम से रू0-405000 का महिन्द्रा ट्रैक्टर एवं रू0-90 हजार में मिनी फ्लोर मिल या ऑयल मिल या मसाला मिल या राइस मिल सहित कुल 04 लाख 95 हजार ऋण के माध्यम से 04 वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कोलेटरल गारण्टी मुक्त ऋण के साथ 10 प्रतिशत सब्सिडी दिया जा रहा है, जबकि यही परियोजना बाजार में ब्याज सहित लगभग 09 लाख रूपए में उपलब्ध होती है। उन्होंने जनपदवासियों से आवाह्न किया कि,जिनकी आयु 21 से 40 वर्ष के बीच है, वे सीएम युवा के बेवसाइट पर अधिक से अधिक आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं।इस अवसर पर विधायक पूजा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य, जनपद के प्रभारी अवशेध गुप्ता, सदस्य उ.प्र. अनुसूचित जाति जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी कविता पासी,अध्यक्ष नगर पंचायत अझुवा शान्ती देवी व सिराथू भोला यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक शिवमोहन मौर्य,अनीता त्रिपाठी,नीतू कनौजिया, संजय जायसवाल,भोले शंकर ब्लॉक प्रमुखगण सहित अन्य गणमान्य तथा मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार व एल.डी.एम. नवीन झॉ आदि उपस्थित रहे।



# ब्लॉक प्रमुख ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र आवास की चाबी किया प्रदान

**कौशांबी।** ब्लॉक प्रमुख मंझनपुर सरला राय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सरस हॉल में प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्न पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ब्लॉक प्रमुख ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं आवास की चाभीं का वितरण किया। ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा 02 लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान किया। इसी प्रकार उन्होंने पंचायतीराज विभाग के अंतर्गत 85 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुँचाना तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभान्वित करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी शैलेन व्यास, परियोजना निदेशक मनोज वर्मा एवं जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## कृष्णा मार्केट भरवारी में शटर तोड़ कर हजारों की चोरी

### जनरल स्टोर में रखी फ्रीज तक को बाइक में लादकर ले जा रहे थे चोर तभी पुलिस गश्त के दौरान फ्रीज छोड़कर भागे



**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी कस्बा के मेहता रोड स्थित मंडी समिति के पास कृष्णा मार्केट में दो दिन पूर्व धीरज सिंह ने अपनी जनरल स्टोर की दुकान खोल रखी थी जिसमे खाने का सामान के अलावा सिगरेट काफी तरह के तंबाखू गुटखा कोल्ड ड्रिंक के अलावा बिसलेरी की बोतले वा तमाम तरह के बिस्कुट वगैरह सहित लगभग तीस हजार का सामान सहित दुकान में रखा था आधी रात को दुकान का शटर तोड़कर दुकान के अंदर दूसरे चोर दुकान का 30 हजार का सामान सहित फ्रीज को शटर तोड़कर बाइक में लाद ले जा रहे थे 'वह तो गनीमत रही कि सिंघिया पुलिस को गश्त पर आते हुए देख फ्रीज को छोड़कर चोर भाग निकले 'सुबह होने पर दुकान मालिक को घटना की जानकारी हुई तभी ज्ञात हुआ कि चोरों द्वारा रात में पुलिस को आता देख फ्रीज को फेंककर भाग गए है जिसे पुलिस चौकी सिंधिया ने उस फ्रिज को अपने कब्जे में लेते हुए पुलिस चौकी ले आए ' जिसकी जानकारी होते ही दुकान मालिक धीरज सिंह पुलिस चौकी में जाकर अपनी फ्रीज ले आए 'इस बीच चोरों ने दुकान में रखा लगभग 30 हज़ार के समान पर हाथ साफ कर लोगों में दहशत का माहौल कायम कर दिया है।

## कांग्रेस संगठन सृजन के तहत प्रयागराज और कौशाम्बी की हुई समीक्षा बैठक



**कौशांबी।** कांग्रेस पाटी के कैंप कार्यालय पुरामुफ्ती में पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव प्रभारी प्रयागजोन राजेश तिवारी की उपस्थिति में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत समीक्षा बैठक शनिवार को संपन्न हुई इस दौरान राजेश तिवारी ने कहा कि पंचायत चुनाव से विधानसभा चुनाव की शुरुआत हो रही है ऐसे में हमें बूथ स्तर से अपने संगठन एवं प्रत्याशी को ताकत देनी है और जनता के मूल मुद्दों का विशेष ध्यान देना है वतर्मान भाजपा सरकार देश की जनता को बदहाली के रास्ते पर छोड़ कर चंद उद्योगपतियों को लाभ देना चाहती है देश आज भाजपा की कुनीतियों से परेशान है और वह आशा की नजर से पुनः कांग्रेस की तरफ देख रहा है कांग्रेस जिसने देश के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया और जनता का हित किया लेकिन आज की भाजपा सरकार से किसान युवा सब परेशान है देश की जनता को कहीं नोट बंदी की लाइन में तो कहीं गैस सिलेंडर की लाइन में खड़ा कर दे रही है इनके पास धर्म और जाति की राजनीत है ऐसे में हम जन विश्वाश के साथ आगामी चुनावों में प्रतिभाग करेंगे! संगठन की समीक्षा के बाद हम उस पर कार्य करेंगे और पूरी ताकत के साथ अपने प्रत्याशियों को चुनाव जिताए गे.! इस दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस कौशाम्बी गौरव पाण्डेय ने कहा कि हम पाटी नेतृत्व के द्वारा मिले निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे ताकि आगामी चुनावों में जन विश्वास जीतेंगे.! समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक कौशाम्बी मनीष मिश्रा,जिला को आडिर्नेटर जौनपुर सुधाकर तिवारी,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय,जिला को आडिर्नेटर प्रतापगढ़ हरिकेश त्रिपाठी,किशोर वार्ष्णेय,जिला उपाध्यक्ष कौशाम्बी उदय यादव,सोसल मीडिया कौशाम्बी जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी,निर्भय यादव,गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद,यमुनापार जिलाध्यक्ष अशोक पटेल,मंजू संत,प्रतिमा त्रिपाठी मनोज पासी आदि मौजूद रहे।

# उपायुक्त स्वतः रोजगार ने जनपद स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ



**कौशांबी** उपायुक्त एनआरएलएम. सुखराज बन्धु ने प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष" पूर्ण होने के उपलक्ष में सरस हॉल में बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय ह्लहमारा आंगन-हमारे बच्चेह्न उत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया।उपायुक्त ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का आपसी समन्वय ही बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के माध्यम से ही हम एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने प्री-प्राइमरी शिक्षा को सुदृढ़ करने और निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने का संकल्प दोहराया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभाग बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से एक टीम के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागियों को अंगवस्त्र,पेन-डायरी और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी रंजन ने आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका स्पष्ट की और बताया कि 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और पोषण के लिए विभाग निरंतर सक्रिय है। जिला समन्वयक धमर्नाथ ने कार्यक्रम का कुशल संचालन और प्रभावी समन्वय किया, साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर बल दिया।तकनीकी मार्गदर्शन के लिए डॉ.ओमप्रकाश सिंह और डॉ. दिलीप कुमार तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिन्होंने निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। उत्सव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक संकुल रजनीश यादव और संतोष कुमार को उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले नोडल शिक्षकों में मुनव्वर सुल्ताना, सोनल चौरसिया और संजय कुमार की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। क्षेत्रीय स्तर पर जमीनी कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री दुर्गेश कुमारी और सरोज देवी को उनके उत्कृष्ट समर्पण के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सेविका प्रियंका सिंह और प्रतिभा देवी ने विभागीय तालमेल को बेहतर बनाने के सुझाव साझा किए। सरस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर उपस्थित सभी खंड शिक्षाधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, एआरपी और अभिभावकों को बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई।

# स्मार्ट मीटर में 2 महीने का विभाग ने भेज दिया 43 हजार का विद्युत बिल

## तानाशाह विद्युत अधिकारियों ने अधिक बिल भेजने के बाद बकाया का आरोप लगाकर कनेक्शन भी आनलाईन काट दिया

**नेवादा कौशाम्बी।** विद्युत विभाग में फजी बिलिंग बनाकर उपभोक्ताओं को परेशान करना और विद्युत बिल सुधार करने के नाम पर उनसे वसूली करने की प्रथा तीन दशक बाद भी नहीं बंद हो सकी है स्मार्ट मीटर लगाए जाने के दिन से 2 महीने का विद्युत बिल 43000 से अधिक विभाग ने उपभोक्ता को भेजा है जो विभाग की पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर रहा है फजी बिलिंग करने के बाद विभाग के अधिकारी शासन को भी गुमराह कर बकाए की बात करते हैं जबकि जितना बकाया विभाग के अधिकारी शासन को भेजते हैं उतना बकाया विद्युत उपभोक्ताओं के पास वास्तविकता में नहीं होता है फजी विद्युत बिलिंग की आड़ में विभाग में बड़ा भ्रष्टाचार परम रहा है ठीक से मॉनिटरिंग ना होने के चलते जिले में विद्युत विभाग की तानाशाही लापरवाही वा भ्रष्टाचार चरम पर है फजी बिलिंग बनाने का खेल विभाग में तीन दशक बाद भी खत्म नहीं हुआ है जिससे हजारों उपभोक्ता परेशान हो गए हैं बिना बिजली उपयोग किए विद्युत उपभोक्ताओं को भारी भरकम विद्युत बिल भेज दिया जाता है और उसे सुधार करने में अधिकारियों की जेब गरम करनी पड़ती है जिससे विद्युत उपभोक्ता खून के आंसू बहाने पर मजबूर हैं लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं होती और अगर कोई विद्युत अधिकारी के पास गया भी तो निराश होकर लौटना पड़ता है जिससे उपभोक्ता घुट-घुट कर जीने पर बिवश हैं। चायल तहसील के पैगम्बरपुर पावर हाउस में तैनात अवर अभियंता उमेश चन्द व संविदा कर्मियों के कार्य से क्षेत्र की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है और इसी पावर हाउस क्षेत्र के अन्तर्गत हर्रायपुर निवासी शिवबाबू केसरवानी भी काफी परेशान हैं इनका आरोप है कि पावर हाउस के अवर अभियंता व संविदा कमी हमेशा बिल जमा करवाते गए और रिंगिंग स्टोर करते गए जिससे साफ जाहिर होता है कि पैग़म्बर पुर अवर अभियंता उमेश चन्द गरीबों का खून चूसने में माहिर हैं शिवबाबू केसरवानी उपभोक्ता संख्या 0612810100 ने 30 दिसम्बर 2025 को ?पच्चीस हजार छिआसी रुपए बिजली विभाग में विद्युत बिल जमा किया था और दूसरे दिन यानि 31 दिसम्बर 2025 को नया स्मार्ट मीटर लगाया गया जिसका जनवरी और फरवरी दो माह का 43088 रुपए बिल फिर विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ता के पास भेज दिया और अधिक बिल भेजने के बाद बकाया का आरोप लगाकर कनेक्शन भी आनलाईन काट दिया गया जिससे उपभोक्ता शिवबाबू केसरवानी बहुत परेशान हैं पैग़म्बरपुर पावर हाउस वा सब स्टेशन भरवारी वा अधिशासी अभियंता कार्यालय चायल सहित विभिन्न विद्युत के अधिकारियों के कार्यालय में उपभोक्ता ने फरियाद लगाई कि उसका बिल सुधार कर दिया जाए विद्युत विभाग में जमा किए गए रकम की रसीद दिखाइ लेकिन विद्युत अधिकारियों की जेब गर्म किए बिना उपभोक्ता का कोई काम नहीं हो रहा है योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त की बात करती है लेकिन उन्हीं के सरकार में विद्युत अधिकारी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस को रवैया बदलने की जरूरत

**असम** चुनाव से कुछ पहले भाजपा ने कांग्रेस को तोड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। असम से कांग्रेस के लोकसभा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद कठिन था क्योंकि उन्हें कांग्रेस पार्टी के अंदर कई मुद्दों पर लगातार अपमान का सामना करना पड़ रहा था। इस अपमान का बदला श्री बोरदोलोई ने अब भाजपा की सदस्यता लेकर पूरा किया है। इससे पहले भूपेन बोरा भी इसी तरह की नाखुशी संगठन से जताकर अलग हुए थे और फौरन ही भाजपा के खेमे में चले गए। आखिर चुनावों से पहले ही मान-अपमान का ख्याल दल बदल करने वाले नेताओं को कैसे आता है, यह सवाल अब तक अनुत्तरित है। ऐसा नहीं है कि केवल कांग्रेस में ही दल बदल का सिलसिला चलता है, कमोबेश सभी पार्टियां इसका शिकार हैं। लेकिन खास बात ये है कि जिस राज्य में कांग्रेस मजबूती से भाजपा को चुनौती देती है, वहां इस तरह की फूट ज्यादा दिखाई देती है। इस समय असम ऐसा ही एक राज्य है, जहां इस बार भाजपा के सामने सत्ता बचाने की चुनौती है। गौरव गोगोई को असम कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर आलाकमान ने एक बड़ा दांव चला और गोगोई के तेवर जैसे संसद में भाजपा के लिए तीखे रहते हैं, असम में भी हिमंता बिस्वासरमा के सामने वैसे ही तीखे बने हुए हैं। बिस्वासरमा ने गौरव गोगोई को पाकिस्तान का एजेंट बताने जैसे गंभीर आरोप तक लगाए हैं, मगर इनसे पीछे हटने की बजाए गौरव गोगोई सामने आकर बिस्वासरमा को चुनौती दिए जा रहे हैं। बीते दिनों जिस तरह प्रियंका गांधी ने असम में धुआंधार बैठकें कर राज्य इकाई को मजबूत करने की कोशिश की और अब टिकट वितरण का काम जमीनी रिपोर्ट के आधार पर शुरू हुआ है, उसमें भी नजर आ रहा है कि कांग्रेस से इस बार भाजपा को कड़ी टक्कर मिलने वाली है। भाजपा के लिए एंटी इनक्मबेंसी भी एक बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियां का सामना करने के लिए भाजपा के पास सबसे सुविधाजनक तरीका यही है कि कांग्रेस में फूट डलवाई जाए। प्रद्युत बोरदोलोई और राज्य कांग्रेस के उपाध्यक्ष नवज्योति तालुकदार का पार्टी छोड़ना इसका प्रमाण है। कांग्रेस पार्टी समाचार प्रद्युत बोरदोलोई ने अपने इस्तीफे के बारे में कहा कि 'मैंने अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक को छोड़ दिया है और इसके लिए मैं खुश नहीं हूं। लेकिन मैंने यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि कांग्रेस पार्टी, विशेष रूप से असम कांग्रेस के भीतर, मुझसे संपर्क करने वाले लोग मुझे बार-बार अपमानित कर रहे थे। कांग्रेस नेतृत्व भी मेरे प्रति सहानुभूति नहीं दिखा रहा था।' गौरतलब है कि बोरदोलोई 1998 से 2016 तक चार बार विधायक रहे। 2001 से 2015 के बीच असम की कांग्रेस सरकार में महत्वपूर्ण मंत्री पद भी संभाले। और फिर नौगांव से दो बार सांसद रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें आलाकमान से शिकायत है। उनका कहना है कि उनके संसदीय क्षेत्र से एक कांग्रेस विधायक आसिफ नजर के करीबी ने बीते पंचायत चुनाव के दौरान उन पर हमला करवाया था। अब उनका सवाल है कि एक अपराधी को टिकट कैसे दे सकते हैं।

# गौरैया का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

-: ललित गर्ग :-

**एक** समय था जब सुबह की शुरूआत घर-आंगन में चहकती गौरैया की मधुर ध्वनि से होती थी। यह नन्हीं चिड़िया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे जीवन, संस्कृति और संवेदनाओं का अभिन्न हिस्सा थी। बच्चों के बचपन की साथी, घरों की रौनक और प्रकृति की जीवंतता का प्रतीक-वही गौरैया आज हमारे आसपास से लगभग लुप्त होती जा रही है। यह केवल एक पक्षी के कम होने की कहानी नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच बिगड़ते संतुलन का संकेत है। विश्व गौरैया दिवस हर वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है, ताकि इस छोटी-सी चिड़िया के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक किया जा सके। वर्ष 2026 की थीम व्यापक रूप से ह्लमानव और प्रकृति का सह-अस्तित्वह्व की भावना को आगे बढ़ाने वाली मानी जा रही है, जो यह संदेश देती है कि यदि हम प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो न केवल गौरैया, बल्कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र संकट में पड़ जाएगा। गौरैया का जीवन मनुष्य के बेहद करीब रहा है। उसने हमारे घरों की छतों, खिड़कियों, रोशनदानों और पेड़ों पर अपने घोंसले बनाए। वह हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनी रही। लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ ने उसे धीरे-धीरे उसके आश्रयों से बेदखल कर दिया। आज कंक्रीट के जंगलों में न तो उसके लिए घोंसले बनाने की जगह बची है और न ही उसके भोजन के स्रोत।

गौरैया की घटती संख्या के पीछे कई कारण हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है बदलती जीवनशैली। पहले घरों में खुले स्थान होते थे, मिट्टी के आंगन होते थे, छतों पर अनाज सुखाया जाता था और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था स्वाभाविक रूप से होती थी। आज सब कुछ बंद कमरों और चमचमाती इमारतों में सिमट गया है। इससे गौरैया का प्राकृतिक निवास समाप्त हो गया है। इसके साथ ही कीटनाशकों और रासायनिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग भी एक बड़ा कारण है। गौरैया के बच्चे प्रारंभिक दिनों में कीट-पतंगों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन आधुनिक खेती और बागवानी में रसायनों के बढ़ते उपयोग ने इन कीटों को ही समाप्त कर दिया है। परिणामस्वरूप गौरैया के बच्चों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता और उनका जीवन खतरे में पड़ जाता है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली सूक्ष्म तरंगों को भी गौरैया के लिए हानिकारक माना जाता है। ये तरंगें उनके नेविगेशन और प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती हैं। यद्यपि इस पर वैज्ञानिक शोध अभी जारी हैं, लेकिन यह निश्चित है कि बढ़ता तकनीकी प्रदूषण पर्यावरण के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। जलवायु परिवर्तन भी गौरैया के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। असमय वर्षा, अत्यधिक तापमान और मौसम के अनियमित बदलाव उनके जीवन चक्र को बाधित कर रहे हैं। इससे उनके प्रजनन और जीवन की स्थिरता प्रभावित होती है। गौरैया का संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनता का भी परिणाम है। हम धीरे-धीरे प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। हमारी प्राथमिकताएं बदल गई हैं और हमने अपने आसपास के जीवों के प्रति संवेदनशीलता खो दी है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि जब मनुष्य प्रकृति से कटता है, तो उसका अपना अस्तित्व भी संकट में पड़ जाता है। गौरैया का संरक्षण केवल एक पक्षी को बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण, हमारी संस्कृति और हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। इसके लिए हमें छोटे-छोटे



लेकिन प्रभावी कदम उठाने होंगे। सबसे पहले हमें अपने घरों और आसपास ऐसे स्थान बनाने होंगे, जहां गौरैया आसानी से घोंसला बना सके। आज बाजार में कृत्रिम घोंसले उपलब्ध हैं, जिन्हें घरों की बालकनी, दीवारों या पेड़ों पर लगाया जा सकता है। इसके साथ ही हमें नियमित रूप से दाना और पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। यह एक छोटी-सी पहल है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा हो सकता है। हमें अपने बगीचों और आसपास के क्षेत्रों में देशी पौधों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि कीट-पतंगों की संख्या बढ़े और गौरैया को प्राकृतिक भोजन मिल सके। जैविक खेती और रसायनों के कम उपयोग को अपनाकर भी हम इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

बच्चों में भी प्रकृति के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता विकसित करना आवश्यक है। उन्हें यह समझाना होगा कि पक्षी केवल देखने की वस्तु नहीं, बल्कि हमारे जीवन के साथी हैं। यदि बचपन से ही यह भावना विकसित होगी, तो भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव होगा। सरकार और सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पक्षियों के संरक्षण के लिए ठोस नीतियां बनानी होंगी, शोध को बढ़ावा देना होगा और जन-जागरूकता अभियानों को व्यापक बनाना होगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक मंचों पर इस विषय को प्रमुखता से उठाना होगा। गौरैया हमें यह सिखाती है कि जीवन में सरलता, सामंजस्य और संतुलन कितना महत्वपूर्ण है। वह बिना किसी शोर-शराबे के अपने अस्तित्व को बनाए रखने की कोशिश करती है। लेकिन जब उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाए, तो यह हमारे लिए चेतावनी है कि हमने कहीं न कहीं प्रकृति के साथ अन्याय किया है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी सोच को बदलें। हम यह समझें कि यह धरती केवल हमारी नहीं है। यह सभी जीवों की साझी धरोहर है। यदि हम इसे केवल अपने स्वार्थ के लिए उपयोग करेंगे, तो एक दिन ऐसा आएगा जब हमारे पास कुछ भी शेष नहीं रहेगा।

विश्व गौरैया दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम अपने भीतर झांकें और यह सोचें कि हम प्रकृति के प्रति कितने जिम्मेदार हैं। यह दिन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक संकल्प का दिन होना चाहिए-एक ऐसा संकल्प, जिसमें हर व्यक्ति यह निश्चय करे कि वह अपने स्तर पर प्रकृति और जीवों की रक्षा के लिए प्रयास करेगा। यदि हर घर एक छोटा-सा आश्रय बन जाए, हर आंगन में दाना-पानी की व्यवस्था हो जाए और हर मन में संवेदनशीलता जाग जाए, तो गौरैया फिर से लौट सकती है। उसकी चहचहाहट फिर से हमारे जीवन में खुशियां भर सकती है। अंततः, गौरैया को बचाना हमारे अपने अस्तित्व को बचाना है। यह एक छोटा-सा कदम है, लेकिन इसके पीछे छिपा संदेश बहुत बड़ा है-प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही मानव जीवन सुरक्षित और सुखद हो सकता है। अब समय आ गया है कि हम जागें, समझें और अपने कर्तव्य का निर्वहन करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गौरैया की मधुर चहचहाहट को सुन सकें और प्रकृति की इस अनमोल धरोहर को सहेज सकें।

# नव निर्माण के नौ वर्ष मेला सम्पन्न, श्रमिकों को योजनाओं का लाभ वितरित





अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर । उत्तर** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य दिनांक 18 मार्च से 26 मार्च, 2026 तक नव निर्माण के नौ वर्ष संकल्प समृद्धि सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि 09 दिवसीय मेला/प्रदर्शनी का जनपद गाजीपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यसभा सदस्य डा० संगीता बलवन्त की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके साथ जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, मंच संचालक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री वशिष्ठ सिंह यादव, अध्यक्ष, उद्योग मंच, गाजीपुर एवं सदस्य, औद्योगिक एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम, गाजीपुर तथा गुड्डू केशरी, अध्यक्ष, जिला व्यापार मण्डल, गाजीपुर की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक श्रम आयुक्त, गाजीपुर अभिषेक सिंह द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा० संगीता बलवन्त द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं श्रमिक हित में संचालित योजनाओं के संबंध में संक्षिप्त उद्बोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने उपस्थित श्रमिकों को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को धनराशि स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए श्रमिकों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण देखा गया। लाभार्थियों द्वारा सरकार की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, गाजीपुर सुभाष कुमार सरोज, सहायक श्रम आयुक्त, गाजीपुर अभिषेक सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं मनोज कुमार राजपूत, कनिष्ठ सहायक अखिलेश यादव तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला विकास अधिकारी, द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन सुव्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# ईरान युद्ध में नाटो से अलग-थलग पड़े ट्रंप की परीक्षा की घड़ी

नित्य चक्रवर्ती

**अब** तक, यह एक हवाई युद्ध रहा है, जिसमें कुछ ही अमेरिकी जानें गई हैं। घायलों की संख्या भी लगभग 200 ही है। लेकिन अगर ट्रंप जमीनी सैनिकों का इस्तेमाल करते हैं, तो मरने वालों की संख्या हजारों में होगी। नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों के इस साल में, यह ट्रंप के लिए एक राजनीतिक आपदा साबित होगी। रुझान पहले से ही दिख रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषण सेवा

बुधवार को, अमेरिका-इजरायल गठबंधन के ईरान के खिलाफ युद्ध के 18वें दिन, ट्रंप को एक साथ दो बुरी खबरें मिलीं। इन खबरों ने उन्हें इस बात पर सोचने पर मजबूर कर दिया कि ईरान को अमेरिकी ताकत के आगे झुकाने के लिए उन्हें अपनी अगली रणनीति कैसे बनानी चाहिए। पहली खबर यह थी कि यूरोपीय सरकारों ने ट्रंप के उस अनुरोध का जवाब देने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने तेल टैंकरों के सुरक्षित मार्ग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने युद्धपोत भेजने की मांग की थी। दूसरी खबर यह थी कि ईरान अब होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को तभी गुजरने दे रहा है, जब वे भुगतान डॉलर में नहीं, बल्कि चीनी युआन में करें।



इसका मतलब है कि चीन और ईरान के बीच कोई समझौता हो गया है, हालांकि उसकी शर्तें अभी पता नहीं चली हैं। लेकिन इसका कुल नतीजा यह निकला है कि चीन, तेहरान के पूरे समर्थन के साथ, ईरान द्वारा की गई होर्मुज नाकेबंदी का फायदा उठा रहा है और पैसे कमा रहा है। ट्रंप के लिए, यह खबर इससे बुरे समय पर नहीं आ सकती थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट को मनाया कि वे चीनी व्यापार मंत्री ही लिफांग के साथ एक बैठक तय करें, ताकि इस साल अप्रैल में बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली उनकी बैठक के लिए जमीन तैयार की जा सके। ईरान युद्ध के माहौल के बीच चीन ने हिचकिचाते हुए ऐसी बैठक के लिए सहमति दी। यह बैठक रविवार को पेरिस में शुरू हुई और सोमवार को भी जारी रही।

व्हाइट हाउस ने अपनी तरफ से 31 मार्च से 2 अप्रैल तक शिखर सम्मेलन की तारीखें तय कर दी थीं, लेकिन चीन की तरफ से इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई थी। असल में, ट्रंप पेरिस बैठक का इस्तेमाल एक 'चारे' के तौर पर करना चाहते थे, ताकि चीन को अपने पाले में रखा जा सके। वे यह संकेत देना चाहते थे कि वे चीनी राष्ट्रपति के साथ बैठक करने के लिए इतने उत्सुक हैं कि वे उस ऐतिहासिक व्यापार समझौते और अन्य विवादित मुद्दों पर आपसी समझ को अंतिम रूप देना चाहते हैं। लेकिन ट्रंप की यह चाल कामयाब नहीं हुई। अब वे गुस्से से आग-बबूला हैं। उन्होंने घोषणा की है कि चीन का प्रस्तावित दौरा टाल दिया जाएगा, हालांकि व्हाइट हाउस के सूत्रों का कहना है कि शिखर सम्मेलन अप्रैल के अंत तक हो जाना चाहिए।

ट्रंप ने चीन से भी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाज भेजने का वही अनुरोध किया था, लेकिन चीन ने भी यूरोपीय देशों की तरह ही इस अनुरोध को ठुकरा दिया। इस तरह, दोनों ही पक्षों ने ट्रंप की बात मानने से इनकार कर दिया। जहां तक यूरोप की प्रतिक्रिया का सवाल है, वह ट्रंप के लिए इतनी परेशान करने वाली थी कि उन्होंने कहा कि यूरोप का यह रुख नाटो के लिए बहुत बुरा है। इस बात के काफी संकेत थे कि वह नाटो के इन यूरोपीय सदस्यों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। जर्मनी की प्रतिक्रिया ट्रंप के लिए सबसे ज्यादा चिंताजनक थी। जर्मनी ने किसी भी सैन्य गतिविधि में हिस्सा लेने से साफ इनकार कर दिया, जिसमें जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के प्रयास भी शामिल थे। चांसलर फ्रेडरिक मज ने कहा, 'हस्तक्षेप करना है या नहीं, इस पर कभी कोई संयुक्त फैसला नहीं हुआ था। इसीलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि जर्मनी के सैन्य रूप से योगदान देगा। हम ऐसा नहीं करेंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'इस ईरानी शासन का अंत होना ही चाहिए,' लेकिन साथ ही यह भी कहा कि 'पिछले वर्षों और दशकों में हमने जो अनुभव हासिल किया है, उसके आधार पर, बमबारी करके उसे घुटने टेकने पर मजबूर करने जैसा तरीका, पूरी संभावना है कि सही तरीका नहीं है।'

जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा, 'यह हमारा युद्ध नहीं है, हमने इसे शुरू नहीं किया है। डोनाल्ड ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य में मुट्ठी भर यूरोपीय युद्धपोतों से ऐसी क्या उम्मीद करते हैं, जिसे शक्तिशाली अमेरिकी नौसेना अकेले नहीं संभाल सकती? यही वह सवाल है जो मैं खुद से पूछ रहा हूं।' ब्रिटेन,फ्रांस और इटली ने भी जर्मन राष्ट्रपति के विचारों का समर्थन किया और यह साफ कर दिया कि वे ट्रंप के अनुरोध के अनुसार होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजने की स्थिति में नहीं हैं।

तो अब ट्रंप यहां से आगे क्या करेंगे? पेंटागन ने इस महीने की शुरूआत में अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ईरान में इस युद्ध को इस साल सितंबर तक जारी रखने की क्षमता है और यह अमेरिका के लिए बहुत महंगा साबित होगा। ट्रंप को पेंटागन पर भरोसा नहीं था। वह ईरान को आत्मसमर्पण कराने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंद्रह दिन का समय बता रहे थे। अब, 18वें दिन भी, ऐसा कोई संकेत नहीं दिख रहा है। ट्रंप तेल और परमाणु ठिकानों पर कब्जा करने के लिए मरीन सहित बड़ी संख्या में सैनिकों का इस्तेमाल करके युद्ध को अगले स्तर पर ले जा सकते हैं। अगर वह सफल भी हो जाते हैं।

# चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन माता चंद्रघंटा के दरबार में उमड़ा आस्था का सागर।

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर।चैत्र** नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद के मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यूसुफपुर स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर में तीसरे दिन भक्तिभाव और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दिन मां के माता चंद्रघंटा रूप का विधि-विधान से पूजन एवं भव्य श्रृंगार किया गया।

सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तजन माता रानी को जल, पुष्प और चुनरी अर्पित कर उनकी आराधना में लीन रहे। पूरे दिन मंदिर परिसर ह्लजय माता दीह्व के गगनभेदी नारों से गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा।

संध्या आरती के समय सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से माता की आराधना की। इस दौरान स्थानीय लोकगीत कलाकारों



द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। गायक राजेंद्र शर्मा, मुन्ना शर्मा एवं हरिनारायण सिंह यादव ने ह्लनिमिया के डार मैयाह्व जैसे भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं झुल्लु बाबा के गीतों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इसके अतिरिक्त मुन्ना शर्मा द्वारा ह्लछोटी-मोटी मैया मोरीह्व और डॉक्टर अशोक शर्मा द्वारा ह्लबड़ा निक लागेला माई के मंदिरवाह्व जैसे भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों के हृदय में भक्ति की अलख जगा दी। अंत में विधिवत आरती के पश्चात

# ईद की नमाज बनी एकता और खुशियों का खूबसूरत संगम

**(गाजीपुर)। जनपद** के मुहम्मदाबाद यूसुफपुर कोतवाली अंतर्गत ईद का पावन पर्व इस वर्ष भी अपार उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मिडिल स्कूल के पास स्थित बड़ी ईदगाह में सुबह से ही अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा, मानो पूरा शहर एक साथ इबादत के लिए निकल आया हो।

सुबह की हल्की ठंडक और रौनक भरे माहौल के बीच लोग नए कपड़ों में सजे-धजे, दिलों में उमंग और चेहरे पर मुस्कान लिए ईदगाह पहुंच रहे थे। चारों ओर मेले जैसा दृश्य था—कहीं बच्चे खिलौनों और मिठाइयों के लिए मचल रहे थे, तो कहीं बड़े एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दे रहे थे। बच्चों की चहक और खुशियां इस त्योहार की खूबसूरती को और



बढ़ा रही थीं।

नमाज के वक्त जब हजारों सिर एक साथ सजदे में झुके, तो पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। हर जुबां पर दुआ थी—अमन, शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए। यह नजारा दिल को छू लेने वाला था, जहां धर्म के साथ-साथ इंसानियत की भावना भी झलक रही थी।

त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सजग रहा। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, उपजिलाधिकारी डा हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय, कोतवाली प्रभारी राजेश त्रिपाठी व अन्य उपनिरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौजूद थे,जिससे लोगों ने बेफिक्र होकर नमाज अदा की और त्योहार का आनंद लिया।

# ईद की नमाज से इफ्तार तक एकता का संदेश, चित्रकूट में दिखा भाईचारे का रंग



नमाज, गले मिलन व इफ्तार की महफिल, चित्रकूट में गूंजी गंगा-जमुनी तहजीब, हर गली में दिखी एकता की मिसाल






कर्वी, मऊ व मानिकपुर में ईद मनाते लोग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार इस बार सिर्फ धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता का जीवंत संदेश बनकर उभरा। मुख्यालय की पुरानी बाजार स्थित ईदगाह में हजारों मुस्लिम भाइयों ने सुबह नमाज अदा कर अमन-चौन और खुशहाली की दुआ मांगी, जहां मुफ्ती सैयद सलाहुद्दीन ने नमाज कराई। नमाज के बाद गले मिलकर बधाइयों का दौर चला, जिसमें पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, विधायक अनिल प्रधान समेत कई जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर सौहार्द का संदेश दिया। सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त रही कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही और ड्रोन से भी निगरानी की गई। वहीं मऊ नगर में जुमातुल-विदा के मौके पर समाजसेवी रजत द्विवेदी द्वारा आयोजित भव्य इफ्तार पार्टी ने भाईचारे की मिसाल पेश की। रामलीला मैदान में रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोलकर एकता का संदेश दिया। रजत द्विवेदी ने कहा कि रमजान त्याग, संयम और मानवता की सेवा का प्रतीक है, और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। वहीं बरगढ में ग्राम प्रधान बरगढ़ शैलेश शुक्ला, पूर्व प्रधान प्रकाश चन्द्र केशरवानी, पंकज मिश्रा अमन गर्ग टिंकू द्विवेदी समेत सनम खान गयाससुद्दीन खान, गुलबदन खान हाफिज, कल्लू खान मोहम्मद याकूबएवं सैकड़ो की संख्या मे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद मनाई। जनपद के छोटी-बड़ी मस्जिदों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ईद की रौनक देखने को मिली। हर ओर सेवइयों की मिठास और आपसी प्रेम का माहौल छाया रहा। प्रशासनिक मुस्तैदी और सामाजिक सौहार्द के इस संगम ने चित्रकूट को एक बार फिर भाईचारे की मिसाल बना दिया।

# फर्जी ट्रस्ट से हजारों करोड़ की वन संपत्ति हड़पने का खेल, सत्ता संरक्षण के आरोप

- लालापुर पर कब्जे का संगठित षड्यंत्र
- प्रशासन पर उठे बड़े सवाल
- चित्रकूट में बड़ा फजीवाड़ा उजागर?




रजिस्टर्ड ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में आरक्षित वन भूमि पर कब्जे का मामला अब एक बड़े संगठित फजीर्वाड़े के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां करोड़ों ही नहीं बल्कि हजारों करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी संपत्ति को ट्रस्ट की आड़ में हड़पने की साजिश के गंभीर आरोप लगे हैं। थाना रैपुरा क्षेत्र के ग्राम बगरेही स्थित लालापुर पहाड़ी, जो वर्षों से वन विभाग के अधीन संरक्षित भूमि है और रानीपुर टाइगर रिजर्व की सीमा में आती है, वहां स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम और माँ आशावर शक्ति पीठ मंदिर को लेकर यह पूरा विवाद खड़ा हुआ है। आरोप है कि भारतदास, जीवदास और डीआरआई से जुड़े कथित पदाधिकारी ने सुनियोजित तरीके से सब-रजिस्ट्रार कार्यालय कर्वी को गुमराह करते हुए वास्तविक तथ्यों को छिपाया और बिना वन विभाग की अनुमति के एक निजी ट्रस्ट का पंजीकरण करा लिया? बताया कि इस ट्रस्ट में आरक्षित वन भूमि को निजी संपत्ति दर्शाकर कब्जा जमाने का प्रयास किया गया, जो कि स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। मामले को और गंभीर तब माना जा रहा है जब स्थानीय महंत और पुजारी पक्ष ने आरोप लगाया कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे दबंगई और सुनियोजित षड्यंत्र काम कर रहा है, जिसमें मंदिर परिसर में जबरन घुसपैठ, तोड़फोड़ और धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की घटनाएं भी शामिल हैं। मजे की बात यह है कि इतने गंभीर आरोपों और लिखित शिकायतों के बावजूद अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि प्रभावशाली संरक्षण के चलते पुलिस और प्रशासन इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाने से बच रहे हैं। यह प्रकरण अब केवल जमीन या मंदिर विवाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सरकारी संपत्ति की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक पारदर्शिता पर बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो गया है। पीड़ित पक्ष ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संदर्भ में जब वीडित ने जनसुनवाई पर गुहार लगाई तो- ट्रस्ट के पंजीयन के निरस्तीकरण का अधिकार कोर्ट को है- कहकर मामले का निस्तारण कर दिया गया।

# योजनाओं की चमक में दबे घोटाले, अवैध खनन- चित्रकूट में सवालों से क्यों भागती दिखी सियासत?

**अखंड भारत संदेश**

- तालियां योजनाओं पर, घोटालों पर सन्नाटा
- भटकते पीड़ितों की कहानी
- विकास का शोर, घोटालों की गूंज

**चित्रकूट।** जिले में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नाम पर 9 वर्षों के विकास का भव्य प्रदर्शन तो हुआ, लेकिन इस चमकदार आयोजन के पीछे छिपी सच्चाई कई असहज सवाल खड़े करती है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में योजनाओं का पिटारा खोला गया, आंकड़ों की झड़ी लगी और मंच पर बैठे जनप्रतिनिधियों के बीच श्रेय लेने की होड़ साफ नजर आई। दिलचस्प यह रहा कि जहां मंच पर विकास का गुणगान हो रहा था, वहीं नीचे पत्रकार एक-एक कुर्सी के लिए भटकते दिखाई दिए- यह दृश्य खुद व्यवस्था की प्राथमिकताओं की कहानी बयां कर रहा था।

लेकिन असली सवाल उन मुद्दों का है, जिन पर हमेशा चुप्पी साध ली जाती है। बीते वर्षों में जिले में करोड़ों का कोषागार घोटाला सामने आया, ममता मिश्रा कांड और मऊ प्रकरण जैसे मामलों में पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटकते रहे, लेकिन इन पर कभी कोई खुली चर्चा या जवाबदेही तय करने की कोशिश नहीं दिखी। आरोपों के घेरे में अवैध खनन का खेल भी लगातार जारी रहा, जहां नदियों का सीना चीरकर संसाधनों की लूट होती रही और जिम्मेदार तंत्र या तो मौन रहा या बेबस नजर आया। विकास के नाम पर योजनाओं की सूची लंबी जरूर होती जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत में पीड़ितों की पीड़ा, भ्रष्टाचार की परतें और प्रशासनिक उदासीनता साफ झलकती है। सवाल यही है कि क्या ये 9 साल केवल आंकड़ों, मंचों और प्रचार का उत्सव हैं, या वास्तव में आम जनता के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास? फिलहाल, चित्रकूट में विकास का शोर गूंज रहा है, लेकिन उस शोर में दबे सवाल अब और तेज होते जा रहे हैं।

# नाबालिग अपहरण व दुष्कर्म मामले में पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के कोतवाली कर्वी क्षेत्र में नाबालिग से दरिंदगी के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत आरोपी विद्यासागर पुत्र कुंजबिहारी ने नाबालिग को बहलाफुसलाकर अगवा किया और फर्जी आधार कार्ड का सहारा लेकर उसकी पहचान छिपाई। इतना ही नहीं, उसे नशीली दवा खिलाकर दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विवेचना के दौरान गंभीर धाराएं और पॉक्सो एक्ट जोड़ा। अपराध निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को धर दबोचा।

# खाकी में बढ़ा कद- अरविन्द वर्मा बने अपर पुलिस अधीक्षक, नई जिम्मेदारी

**चित्रकूट।** पुलिस महकमे में शुक्रवार को एक अहम पदोन्नति ने उत्साह का माहौल बना दिया, जब क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा को पुलिस उपाधीक्षक से पदोन्नत कर अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने उन्हें रैंक प्रतीक व अशोक स्तंभ लगाकर विधिवत अलंकृत किया। इस मौके पर एसपी ने मुंह मीठा कराते हुए कहा कि यह सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाना होगा। लंबे समय से सेवा में सक्रिय रहे अरविंद वर्मा ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है, जिसके चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व मिला। समारोह में साथी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जनपद की कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## लेखा परीक्षा सेवा में हलचल, पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर बुलाई गई 24 को अहम बैठक

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन की जनपद शाखा में स्थानांतरण के चलते कई पद खाली होने से संगठन में हलचल तेज हो गई है। प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देश पर अब कार्यकारिणी के पुनर्गठन और निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष प्रसाद पांडेय ने सभी सदस्यों से 24 मार्च को शाम 4 बजे लघु सिंचाई खंड कार्यालय में उपस्थित होने की अपील की है। इस बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया जाएगा, जिससे संगठन को नई दिशा मिल सके।

# जिले में नौकरी का महासंग्राम, 37 कंपनियां देंगी युवाओं को सुनहरा मौका

23 मार्च को चित्रकूट में जॉब का बड़ा मंच

**चित्रकूट।** जिले में युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के लिए ह्लउत्तर प्रदेश रोजगार मिशनह्व के तहत 23 मार्च 2026 को एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन कार्यालय कर्वी और गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह मेला युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। कार्यक्रम में देश की 37 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। खास बात यह है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। अभ्यर्थियों के लिए पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने जनपद के सभी योग्य और इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं, क्योंकि यह मेला केवल नौकरी नहीं, बल्कि भविष्य संवारने का मंच बनकर उभर रहा है।

## गांव में जली शिक्षा की मशाल, निःशुल्क स्वामी ब्रह्मानंद कोचिंग से बदलेगी बच्चों की तकदीर

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर क्षेत्र के ग्राम गौरिया में शिक्षा की नई रोशनी जगाते हुए स्वामी ब्रह्मानंद जी की प्रेरणा से निःशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कल्याण भारती इंटर कॉलेज कर्वी के प्रबंधक जागेश्वर राजपूत ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इस पहल के तहत प्रेमनारायण सिंह और राजा सिंह बच्चों को निशुल्क शिक्षा देंगे, जबकि कालीचरण सिंह ने स्थान उपलब्ध कराया। शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड की गरीबी और पिछड़ेपन को केवल शिक्षा ही खत्म कर सकती है, और यही इस पहल का मूल उद्देश्य है। ग्रामीणों के सहयोग से शुरू हुआ यह कोचिंग सेंटर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नई नींव रखेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने इसे जनआंदोलन का रूप दे दिया।

# किसान गोष्ठी से आवास वितरण तक, कर्वी में लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात




**चित्रकूट।** नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चित्रकूट के विकास खंड कर्वी और ग्राम पंचायत रानीपुरभट्ट में आयोजित कार्यक्रमों ने विकास की नई तस्वीर पेश की। खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में किसान गोष्ठी केंद्र में रही, जहां किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति व अधिकार पत्र वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी साफ झलकती दिखी। खंड विकास अधिकारी ने बीते नौ वर्षों में क्षेत्र में हुए बुनियादी ढांचे के विस्तार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को विकास की मजबूत नींव बताया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, प्रगतिशील किसान और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने इसे जनोत्सव का रूप दे दिया। समापन पर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# कुवैत पर हमले से दुनिया में बढ़ेगा तेल संकट?

**कुवैत**
**कुवैत** ने कहा कि ड्रोन हमले के कारण तेल समृद्ध इस छोटे से देश में एक तेल रिफाइनरी में भीषण आग लग गई। सरकारी समाचार एजेंसी कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, कुवैत ने यह भी बताया कि ड्रोन हमले के बाद एक दूसरी तेल रिफाइनरी में भी आग लग गई है। एजेंसी ने कहा कि ड्रोन हमले के कारण मीना अल-अहमदी रिफाइनरी में आग लगी, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। यह रिफाइनरी मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है, जिसकी पेट्रोलियम उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 7,30,000 बैरल है।
ईरान ने खाड़ी देशों पर अपने हमले तेज किए
यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब ईरान ने गुरुवार को अपने खाड़ी अरब पड़ोसी देशों के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर दिए। इजरायल द्वारा अपने मुख्य प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर किए गए हमले के जवाब में ईरान ने कतर के द्रवीकृत प्राकृतिक गैस संयंत्रों और कुवैत की एक तेल रिफाइनरी में आग लगा दी। मध्य पूर्व युद्ध में यह एक बड़ा तनाव है जिसके कारण वैश्विक ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात के तट पर एक जहाज जल गया और कतर के



तट पर एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया, जो होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के नियंत्रण के कारण जहाजों के सामने मंडरा रहे निरंतर खतरे को रेखांकित करता है। विश्व बाजारों के लिए प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख स्त्रोत कतर ने कहा कि ईरानी मिसाइल हमलों के बाद एक प्रमुख एलएनजी संयंत्र में लगी आग को दमकलकर्मियों ने बुझा दिया। पहले के हमलों के बाद वहां उत्पादन पहले ही रोक दिया गया था, लेकिन उसने कहा कि मिसाइलों की नवीनतम लहर ने "बड़ी आग और व्यापक क्षति" का कारण बनी। संस्थान को हुए नुकसान के कारण ईरान युद्ध समाप्त होने के बाद भी कतर को बाजार में अपनी आपूर्ति पहुंचाने में देरी हो सकती है। कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले से आग लग गई, लेकिन सरकारी समाचार एजेंसी ङवठअ के अनुसार, कोई घायल नहीं हुआ। तेल रिफाइनरी मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक
यह रिफाइनरी प्रतिदिन 7,30,000 बैरल पेट्रोलियम उत्पादन क्षमता के साथ मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। अबू धाबी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें हबशान गैस संयंत्र और बाब क्षेत्र में परिचालन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा, और उन्होंने इन स्थलों पर ईरान द्वारा किए गए रात भर के हमलों को खतरनाक तनाव वृद्धि बताया। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सभी ने ईरानी हमलों की निंदा की, सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि राज्य पर हुए हमलों का मतलब है कि "पहले जो थोड़ा-बहुत विश्वास था, वह पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। सुबह के कारोबार में अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल 110 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर था, जो 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा युद्ध शुरू किए जाने के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।

# दूसरी रिफाइनरी पर ड्रोन अटैक, अब 'मीना अब्दुल्ला' को बनाया गया निशाना

**कुवैत**
**ड्रोन** हमले के कारण तेल समृद्ध इस छोटे से देश में एक तेल रिफाइनरी में भीषण आग लग गई। सरकारी समाचार एजेंसी कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, कुवैत ने यह भी बताया कि ड्रोन हमले के बाद एक दूसरी तेल रिफाइनरी में भी आग लग गई है। एजेंसी ने कहा कि ड्रोन हमले के कारण मीना अल-अहमदी रिफाइनरी में आग लगी, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। यह रिफाइनरी मध्य पूर्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है, जिसकी पेट्रोलियम उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 7,30,000 बैरल है।
ईरान ने खाड़ी देशों पर अपने हमले तेज किए
यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब ईरान ने गुरुवार को अपने खाड़ी अरब पड़ोसी देशों के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज



कर दिए। इजरायल द्वारा अपने मुख्य प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर किए गए हमले के जवाब में ईरान ने कतर के द्रवीकृत प्राकृतिक गैस संयंत्रों और कुवैत की एक तेल रिफाइनरी में आग लगा दी। मध्य पूर्व युद्ध में यह एक बड़ा तनाव है जिसके कारण वैश्विक ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। संयुक्त अरब अमीरात के तट पर एक जहाज जल गया और कतर के तट पर एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया, जो होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के नियंत्रण के कारण जहाजों के सामने मंडरा रहे निरंतर खतरे को रेखांकित करता है। विश्व बाजारों के लिए प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख स्त्रोत कतर ने कहा कि ईरानी मिसाइल हमलों के बाद एक प्रमुख एलएनजी संयंत्र में लगी आग को दमकलकर्मियों ने बुझा दिया।

# अमेरिका के लिए बहुत बड़ा परमाणु खतरा है पाकिस्तान

**अमेरिका**
**अमेरिका** की राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख तुलसी गाबार्ड के ताजा बयान ने वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था की जड़ों को हिला कर रख दिया है साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंता भी बढ़ा दी है। हम आपको बता दें कि तुलसी गाबार्ड ने साफ शब्दों में पाकिस्तान, रूस, चीन, उत्तर कोरिया और ईरान को अमेरिका के लिए सबसे बड़े परमाणु खतरे के रूप में चिन्हित किया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पाकिस्तान, जो खुद को शांति का समर्थक बताने की कोशिश करता है और ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में शामिल है, वह अब सीधे तौर पर अमेरिका के लिए परमाणु खतरे के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दक्षिण एशिया का रक्षक बताया था, लेकिन उसी समय अमेरिकी खुफिया तंत्र पाकिस्तान को संभावित खतरे की श्रेणी में रख रहा है। यह दोहरी नीति पाकिस्तान की रणनीतिक चालों को उजागर करती है।
तुलसी गाबार्ड ने कहा कि दुनिया भर में मिसाइल क्षमताओं का विस्फोटक विस्तार हो रहा है। वर्तमान में जहां लगभग तीन हजार मिसाइलें अमेरिका को निशाना बना सकती हैं, वहीं वर्ष 2035 तक यह संख्या सोलह हजार के पार जा सकती है। यह आंकड़ा आने वाले खतरनाक समय का संकेत है जिसमें युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महाद्वीपों को पार करेगा। रणनीतिक दृष्टि से देखें तो चीन और



रूस पहले से ही अमेरिका के मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहे हैं, लेकिन अब उत्तर कोरिया और पाकिस्तान का इस सूची में मजबूती से शामिल होना एक नई धुरी के निर्माण की ओर इशारा करता है। खासकर उत्तर कोरिया का रूस और चीन के साथ बढ़ता गठजोड़ एक सामूहिक सैन्य शक्ति का रूप ले सकता है। यह गठबंधन केवल राजनीतिक नहीं बल्कि तकनीकी और सैन्य सहयोग का भी संकेत देता है, जिससे भविष्य में समन्वित हमलों की आशंका बढ़ जाती है।
ईरान के संदर्भ में अमेरिका ने दावा किया है कि उसने वर्ष 2025 में उसके परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट कर दिया था। लेकिन यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती। तुलसी गाबार्ड ने साफ चेतावनी दी है कि ईरान और उसके सहयोगी अभी भी मध्य पूर्व में अमेरिकी हितों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। यदि ईरानी शासन बना रहता है, तो वह धीरे-धीरे अपनी मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं को फिर से खड़ा कर सकता है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य पर लगेगा टोल, दुनिया में बढ़ेगी टेंशन



**इजरायल**
**तेल** अवीव में नए धमाकों की आवाज सुनी गई। अमेरिका-ईरान युद्ध के 20वें दिन में प्रवेश करने के साथ ही हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए राजनयिक अपीलें तेज होने के बावजूद पूरे क्षेत्र में हमले तेज हो गए। ईरान के विशाल दक्षिण पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र से जुड़े ठिकानों पर इजरायली हमले के बाद, जिसे ईरान कतर के साथ साझा करता है, तेहरान ने गुरुवार को खाड़ी देशों में तेल रिफाइनरियों और ऊर्जा सुविधाओं को भारी नुकसान पहुंचाया।
स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को बताया कि ईरानी सांसदों ने रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर टोल और कर लगाने का प्रस्ताव रखा है। तेहरान की सांसद सोमायेह रफीई ने समाचार एजेंसी आईएसएनए को बताया, संसद में हम एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसके तहत अगर होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल पारगमन, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के लिए एक सुरक्षित मार्ग के रूप में किया जाता है, तो देश इस्लामी गणराज्य को टोल और कर का भुगतान करेंगे।
ओमान ने संयुक्त अरब अमीरात, कतर और सऊदी अरब में ऊर्जा सुविधाओं पर हमलों की निंदा की
ओमान ने संयुक्त अरब अमीरात, कतर और सऊदी अरब में ऊर्जा सुविधाओं पर ईरानी हमलों की निंदा की है, जैसा कि उसकी सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया। रॉयटर्स समाचार एजेंसी के अनुसार, ओमान, जो पहले अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में मध्यस्थता कर रहा था।

# विक्रम दोरैस्वामी चीन में नए राजदूत नियुक्त




**चीन**
**विक्रम** दोरैस्वामी, जो वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त हैं, को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में भारत के नए राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा विक्रम के. दोरैस्वामी (क्ख्रः1992), जो वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त हैं, को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में अगला राजदूत नियुक्त किया गया है ह्व उम्मीद है कि वे जल्द ही पदभार ग्रहण करेंगे। बीजिंग में एक वरिष्ठ राजनयिक को भेजने का भारत का निर्णय ऐसे समय में आया है जब दोनों पक्ष पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से चल रहे सीमा विवाद के कारण तनावपूर्ण संबंधों को फिर से सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। दोरैस्वामी प्रदीप कुमार रावत का स्थान लेंगे। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सचिव (पूर्वी) पी. कुमारन की लंदन में तैनाती, अतिरिक्त सचिव पुनीत अग्रवाल की थाईलैंड में तैनाती और नागेश सिंह का थाईलैंड से ऑस्ट्रेलिया में स्थानांतरण शामिल है। प्रणय वर्मा, जो वर्तमान में बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त हैं, ब्रुसेल्स चले जाएंगे। ढाका में यह पद फिलहाल खाली है, इसलिए राजनीतिक नियुक्ति की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। दोरैस्वामी 1992 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने एक साल तक पत्रकारिता की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। 1992-1993 में नई दिल्ली में अपना सेवाकालीन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, दोरैस्वामी को मई 1994 में हांगकांग स्थित भारतीय दूतावास में तृतीय सचिव नियुक्त किया गया।

# ईरान पर होगा अब तक का सबसे बड़ा हमल! ट्रंप के सहयोगी की सीधी चेतावनी, कहा- तैयार रहे तेहरान

**अमेरिका**
**अमेरिकी** रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को कहा कि ईरान को एक बार फिर सबसे बड़े हमले का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि खाड़ी युद्ध अमेरिका की शर्तों पर ही समाप्त होगा और वाशिंगटन अपने मिशन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अमेरिकी सेना अब तक ईरान में 7,000 से अधिक ठिकानों पर हमला कर चुकी है और गुरुवार को भी पिछले दिन की तरह ही "सबसे बड़ा



हमला" किया जाएगा। उन्होंने कहा, "हमारी क्षमताएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि ईरान की क्षमताएं लगातार कम हो रही हैं।" उन्होंने आगे कहा कि ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियां पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी हैं। हेगसेथ ने कहा कि खारग द्वीप पर ईरान की सैन्य क्षमताओं पर हमले से अमेरिका को देश के भाग्य पर नियंत्रण मिल जाता है।
शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिबद्ध
अपनी ब्रीफिंग की शुरूआत करते हुए हेगसेथ ने कहा कि बुधवार को जब ईरान युद्ध में शहीद हुए अमेरिकी सैनिकों के पार्थिव शरीर वापस लाए गए, तब वे और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वहां मौजूद थे।

# सऊदी ने दी सैन्य कार्रवाई की धमकी, क्या युद्ध में फंसेगा पाकिस्तान?

**संयुक्त अरब**
**तुर्की,** संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, कतर और सीरिया सहित लगभग एक दर्जन देशों के विदेश मंत्रालय मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध पर उच्च स्तरीय वार्ता के लिए रियाद के एक होटल में बैठक कर रहे थे। इसी बैठक के दौरान सऊदी अरब की राजधानी रियाद पर तेहरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। विशेषज्ञों का कहना है कि युद्ध का सऊदी अरब के प्रशासनिक केंद्र तक पहुंचना, जिसे लंबे समय से ईरानी हमलों से अपेक्षाकृत सुरक्षित माना जाता था, मध्य पूर्व युद्ध के एक नए और अधिक खतरनाक चरण में प्रवेश करने का खतरा पैदा करता है। विश्लेषकों का मानना ??है कि अगर सऊदी अरब युद्ध में शामिल होता है, तो वह पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा समझौते को सक्रिय कर सकता है, जिससे इस्लामाबाद भी संघर्ष में खिंच जाएगा। ऐसी खबरें भी आई हैं कि सऊदी अरब ने अमेरिका से ईरान पर हमले जारी रखने का आग्रह किया है। एक सऊदी विशेषज्ञ ने सीबीसी न्यूज को बताया कि इस सक्रियता से सऊदी अरब को प्रभावी रूप से परमाणु सुरक्षा कवच मिल गया है। पाकिस्तान, जो इस समझौते पर हस्ताक्षर करके मध्य पूर्व के जटिल परिदृश्य में अनजाने में फंस गया था, अब तक अफगानिस्तान पर हमला करके ईरान युद्ध में शामिल होने से बचा हुआ है। लेबनानी-ऑस्ट्रेलियाई विश्लेषक मारियो नौफल ने रियाद पर ईरानी हमले को "बड़े पैमाने पर, सुनियोजित समय पर और सुनियोजित लक्ष्यों पर" हमला बताया और कहा कि यह युद्ध का चुनौतीपूर्ण मोड़ हो सकता है। रियाद पर हमले



के बाद, सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने चेतावनी दी कि सऊदी अरब का धैर्य "असीमित" नहीं है और हमले जारी रहने पर वह "सैन्य कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है"। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि तेहरान के साथ विश्वास को गहरा झटका लगा है। सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि उसका धैर्य असीमित नहीं है। उसने चेतावनी दी है कि हमले जारी रहने पर वह सैन्य कार्रवाई करने का अधिकार रखता है। उसने कहा कि ईरान की कार्रवाइयों ने विश्वास को चकनाचूर कर दिया है, और जब तक हमले तुरंत बंद नहीं होते, संबंधों को फिर से संवारने की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। लगभग तीन सप्ताह तक, युद्ध अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों और तेहरान की जवाबी कार्रवाई पर केंद्रित रहा। ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और कतर जैसे खाड़ी देशों को निशाना बनाया, जबकि उसका प्रमुख सुन्नी प्रतिद्वंद्वी और इस्लामी दुनिया का दूसरा प्रमुख शक्ति केंद्र, सऊदी अरब, ईरान के सीधे हमले से काफी हद तक बचा रहा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# चीन-रूस ने ईरान को दी घातक टेक्नोलॉजी, पलट गया पूरा युद्ध!

**ईरान**
**अमेरिका** और इजराइल भले ही ईरान पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हो लेकिन ईरान के हमलों में इन्हें कितना भारी नुकसान हो रहा है उसने सबको चौंका दिया है। ईरान को यह ताकत कहीं और से नहीं बल्कि रूस और चीन से आ रही है। रूस और चीन ने ऐसा खेल किया है कि अमेरिका इजराइल के हमलों की तुलना में ईरान के हमले ज्यादा तबाही मचा रहे हैं। रूस और चीन कैसे ईरान के लिए चट्टान की तरह काम कर रहे हैं, इसका खुलासा खुद ईरान ने ही कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्री अराशी ने बहुत बड़ा बयान दिया है। एक मीडिया इंटरव्यू में अराशी ने कहा कि मैं दुनिया के सामने अपने मित्र देशों के साथ सहयोग की संपूर्ण जानकारी नहीं रख सकता। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि इन मित्र देशों के साथ हमारा पुराना सहयोग रहा है। यह साझेदारी आज भी कायम है और मैं कामना करता हूं कि ईरान से मित्र देशों का सहयोग भविष्य में जारी रहेगा। ईरान के विदेश मंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया लेकिन यह स्वीकार किया है कि रूस और चीन के साथ उनका सहयोग जारी है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या युद्ध के दौरान रूस और चीन से ईरान को पलटवार के लिए हथियार मिल रहा है या फिर रूस और चीन ने ईरान को अमेरिकी और इजरायली मिसाइलों को बचाने के लिए रक्षा प्रणालियां सप्लाई की है।
दरअसल आधिकारिक तौर पर रूस और चीन ने ईरान पर हमले की निंदा की है। लेकिन साथ ही साथ यह भी कहा है कि वह सीधे तौर पर ईरान को कोई सैन्य मदद



नहीं दे रहे। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर रूस और चीन से सीधे सैन्य मदद नहीं मिल रही तो युद्ध के दौरान ये दोनों देश ईरान के साथ कौन सा सहयोग आगे बढ़ा रहे। लेकिन इसे लेकर अब दुनिया में टकराव और तनाव का आकलन करने वाली कंपनी स्पेशल यूरेशिया की हालिया रिपोर्ट में बहुत बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि ईरान के युद्ध में चीन और रूस की भूमिका सैन्य नहीं बल्कि तकनीक है। रूस की भूमिका सैन्य नहीं बल्कि तकनीक है। रिपोर्ट में कहा गया कि अपनी 500 से ज्यादा सेटेलाइट्स के जरिए चीन से ईरान को अमेरिकी नौसैनिक बेड़ों की लोकेशन मिल रही है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि चीन ने ईरान को एक नया नेविगेशन सिस्टम यानी जीपीएस उपलब्ध कराया है। जीपीएस की वजह से अमीर रडार ईरानी मिसाइलों के सिग्नल को जाम नहीं कर पा रहा है। इसी वजह से ईरान की मिसाइलें टारगेट को तबाह करने में कामयाब हो रही हैं।
पिछले साल जब ईरान और इजराइल के बीच 12 दिन तक युद्ध हुआ था तो अमेरिका ने इसी तकनीक का इस्तेमाल करके ईरानी मिसाइलों को भटका दिया था। लेकिन इस बार ईरान को चीन का जीपीएस सिस्टम मिल गया है। इस सिस्टम की फ्रीक्वेंसी के साथ अमेरिकी फौज छेड़छाड़ नहीं कर पा रही। तो यह रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि रूस ने अपनी एक सेटेलाइट पूरी तरह ईरान को सेवा में तैनात कर दी है। यह सेटेलाइट अंतरिक्ष से इजराइली और अमेरिकी सैन्य अड्डों की हाई रेजोल्यूशन तस्वीरें ले रही है और ईरान को दे रही है। इन तस्वीरों के जरिए सैन्य अड्डों पर तैनाती से लेकर हमलों के बाद नुकसान का सटीक आकलन ईरानी फौज को मिल रहा है। भले ही रूस और चीन ने सीधे तौर पर सैन्य तैनाती नहीं की है। लेकिन ये दोनों ही देश तकनीक के जरिए ईरान को बड़ी मदद पहुंचा रहे हैं।